PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01

प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, गुरुवार, 1 अक्टूबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

अलीगढ़: विधानसभा का पास-स्टीकर लगाने पर स्कॉर्पियो सीज, वाहन स्वामी पर केस दर्ज

पुलिस चेकिंग में सफेद रंग की स्कॉर्पियो (UP 81 DD 9551) को रोककर जांच की गई। वाहन पर उत्तर प्रदेश विधानसभा विधायक MLA 689 अंकित पास स्टीकर लगा मिला। अलीगढ़ के सिविल लाइन थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहन पर अनधिकृत रूप से उत्तर प्रदेश विधानसभा का पास और स्टीकर लगाए जाने के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने स्कॉर्पियो को सीज कर वाहन स्वामी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को सेंट्रल प्वाइंट चौराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सफेद रंग की स्कॉर्पियो (UP 81 DD 9551) को रोककर जांच की गई। वाहन पर उत्तर प्रदेश विधानसभा विधायक MLA 689 अंकित पास स्टीकर लगा मिला। पुलिस ने वाहन के दस्तावेज और पास लगाने के संबंध में जानकारी मांगी, लेकिन वाहन स्वामी मुकीद अली पुत्र लियाकत अली निवासी हाथी डूबा दोदपुर कोई संतोषजनक जवाब या संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। सी ओ सर्वम सिंह के मुताबिक पुलिस ने वाहन को सीज करते हुए मुकीद अली के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

अलीगढ़: वर्ष 2018 के नोटिस दिखा सील किए 50 साल पुराने तीन होटल, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने जताया एतराज

एडीए बोला- नियम विरुद्ध निर्माण पर हुई कार्रवाई

एडीए के सीटीओ हामिद के अनुसार जिन निर्माणों को नियमों के विपरीत पाया गया और जिनके संबंध में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि संबंधित निर्माणों की जांच की गई है और पुराने नोटिस के आधार पर कार्रवाई की गई। उनके मुताबिक वर्ष 2025 के नियमन के उल्लंघन से संबंधित मामलों में यह कार्रवाई की गई है।

नक्शा दिखाने के बाद भी नहीं मानी बात

भगवान होटल के संचालक कमल अरोड़ा ने कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि एडीए की टीम ने होटल का नक्शा पास नहीं होने की बात कही थी। उन्होंने टीम को नक्शा दिखाया तो उस पर मुहर नहीं होने की बात कही गई। इसके बाद मुहर भी दिखाई गई, लेकिन टीम ने उसे स्वीकार नहीं किया। इसके बाद होटल पर सील लगा दी गई।

एसोसिएशन ने जताई आपत्ति

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के चेयरमैन पंकज धीरज ने कार्रवाई पर एतराज जताया। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के दौरान एडीए की टीम के पास वर्ष 2018 के नोटिस थे। उन्होंने सवाल उठाया कि इतने पुराने नोटिस के आधार पर अब कार्रवाई क्यों की जा रही है। पंकज धीरज ने कहा कि धीरज पैलेस का नक्शा वर्ष 1983 में स्वीकृत हुआ था। उनके मुताबिक शहर में कई होटल 50 वर्ष पुराने हैं और उनका निर्माण स्वीकृत मानचित्र के आधार पर हुआ था। ऐसे में पुराने निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले
संबंधित दस्तावेजों और स्वीकृत मानचित्रों की स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के चेयरमैन पंकज धीरज ने कार्रवाई पर एतराज जताया। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के दौरान एडीए की टीम के पास वर्ष 2018 के नोटिस थे। उन्होंने सवाल उठाया कि इतने पुराने नोटिस के आधार पर अब कार्रवाई क्यों की जा रही है। एडीए ने बुधवार को गांधी पार्क और पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में नियम विरुद्ध निर्माण के आरोप में तीन होटलों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की। टीम ने 2018 में जारी नोटिस दिखाते हुए 50 साल पुराने पहलवान होटल, भगवान और वायसराय होटल पर सील लगा दी। कार्रवाई के दौरान होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज धीरज के होटल धीरज पैलेस पर भी टीम पहुंची, लेकिन दस्तावेज देखने के बाद वापस लौट गई। कार्रवाई के बाद होटल संचालकों और एसोसिएशन ने प्राधिकरण की कार्रवाई के आधार और प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। बुधवार दोपहर करीब 12:40 बजे एडीए की टीम गांधी पार्क पहुंची। टीम ने पहलवान होटल, भगवान होटल और वायसराय होटल में नियम विरुद्ध निर्माण का हवाला देते हुए सीलिंग की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान होटल संचालकों ने अपने-अपने दस्तावेज और नक्शे टीम के सामने प्रस्तुत किए।वायसराय होटल की संचालिका अंजलि शर्मा ने एडीए से स्वीकृत मानचित्र समेत अन्य दस्तावेज टीम को दिखाए। उनका कहना है कि दस्तावेज प्रस्तुत करने के बावजूद टीम ने सीलिंग की कार्रवाई कर दी। इसी तरह भगवान होटल के संचालक कमल अरोड़ा ने भी होटल का नक्शा और संबंधित दस्तावेज टीम को दिखाए।

एडीए वीसी ने जांच कर सील खोलने का दिया आश्वासन

एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि कार्रवाई से पहले संगठन को इसकी जानकारी नहीं दी गई। होटल संचालकों को भी पूर्व सूचना नहीं दी गई। एसोसिएशन का कहना है कि जिन होटलों के पास स्वीकृत नक्शे और पुराने दस्तावेज मौजूद हैं, उनकी जांच कर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए थी। एसोसिएशन ने कार्रवाई के आधार और प्राधिकरण के रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानव महाजन ने 2018 के नोटिसों का हवाला देते हुए कहा कि इतने पुराने मामलों के आधार पर कार्रवाई करना उचित नहीं है।

पदाधिकारियों ने एडीए उपाध्यक्ष के सामने सील किए गए होटलों के 50 वर्ष पुराने स्वीकृत नक्शे प्रस्तुत किए। इन नक्शों को संबंधित विभाग में जमा किए जाने से संबंधित फोटो कॉपी भी अधिकारियों को दी गई। एडीए उपाध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कागजात विभाग में जमा कराने को कहा और सील हटाने का आश्वासन दिया।महामंत्री विवेक बगाई ने कहा कि यदि किसी प्रतिष्ठान के दस्तावेज या मानचित्र को लेकर कोई आपत्ति है, तो नियमानुसार जांच करने के साथ संबंधित व्यवसायी को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाना चाहिए।

Aligarh News: हत्या के दोषी को उम्रकैद, आत्महत्या के लिए उकसाने वाले को चार साल की कैद

एडीजे-11 की अदालत ने बुधवार को दो अलग-अलग आपराधिक मामलों में फैसला सुनाते हुए दोषियों को सजा सुनाई। हत्या के मामले में दोषी पाए गए बन्नादेवी क्षेत्र के बबलू को आजीवन कारावास और 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं, क्वार्सी क्षेत्र के एक मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने के दोषी पवन को चार वर्ष के कारावास और 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।
बन्नादेवी थाने में वर्ष 2016 में बबलू के खिलाफ हत्या, मारपीट और गाली-गलौज समेत आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज हुआ था। सुनवाई के दौरान साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने उसे दोषी माना और उम्रकैद की सजा सुनाई।
दूसरे मामले में क्वार्सी थाने में वर्ष 2021 में पवन के खिलाफ घर में घुसने, महिला से अभद्रता, नशीला पदार्थ देने और आत्महत्या के लिए उकसाने समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया था। अदालत ने सुनवाई के बाद पवन को दोषी मानते हुए चार वर्ष के कारावास के साथ 30 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

Aligarh News: मंच से योगी को बुलडोजर बाबा कहने पर भड़के महापौर, कार्यक्रम छोड़कर गए

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के व्यापारी महासम्मेलन व सम्मान समारोह में मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बुलडोजर बाबा कहे जाने पर महापौर प्रशांत सिंघल भड़क गए। उन्होंने मंच से ही आपत्ति जताई और कुछ देर बाद कार्यक्रम छोड़कर चले गए।
मंगलवार को शहर के आईटीआई रोड स्थित एक मैरिज होम में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का व्यापारी महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कहा कि अब बाबा का बुलडोजर व्यापारियों के घर-घर, दुकानों और शोरूम तक पहुंचेगा। यह बात दोहराए जाने पर मंच पर मौजूद महापौर ने आपत्ति जताई।
महापौर ने कहा कि व्यापारियों के बीच इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर भय का माहौल बनाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि वह सरकार के प्रतिनिधि हैं और उनके सामने इस तरह की बातें किया जाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारियों को सुरक्षा का माहौल मिला है और सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके बावजूद किसी व्यापारी को कोई समस्या है तो वह अपनी शिकायत लिखित रूप में या ज्ञापन के माध्यम से दे सकता है। उसका समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं। अपनी नाराजगी जाहिर करने के बाद वह कार्यक्रम से उठकर चले गए। कार्यक्रम में हुई इस घटना की चर्चा व्यापारियों के साथ राजनीतिक हलकों में भी रही।

Aligarh News: ई-कॉमर्स वेबसाइट के नाम पर ठगे 97 हजार



साइबर ठगों ने गूगल पर ई-कॉमर्स वेबसाइट तैयार कर एक महिला के साथ 97 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर दी। पीड़िता की शिकायत पर साइबर सेल और रोरावर थाने की साइबर हेल्प डेस्क की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए पूरी रकम वापस करा दी। पुलिस के अनुसार 10 अगस्त 2026 को पीड़िता ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई थी।

उसने बताया कि गूगल पर मिली ई-कॉमर्स वेबसाइट पर मोबाइल नंबर डालने के बाद ओटीपी प्राप्त हुआ। इसके बाद उसके खाते से 97 हजार रुपये निकाल लिए गए।

शिकायत मिलते ही साइबर सेल और रोरावर साइबर हेल्प डेस्क की टीम ने मामले की जानकारी जुटाई और संबंधित बैंक, पेमेंट गेटवे तथा मर्चेंट से संपर्क किया। पुलिस की कार्रवाई के दौरान ठगी की रकम को फ्रीज कराया गया। इसके बाद पूरे 97 हजार रुपये पीड़िता के बैंक खाते में वापस करा दिए गए।

एसपी क्राइम ममता कुरील ने लोगों से अपील की है कि ऑनलाइन खरीदारी के दौरान वेबसाइट की विश्वसनीयता की जांच करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के साथ राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर सूचना दें।

Aligarh News: फरक्का एक्सप्रेस में अमरोहा के यात्री की तबीयत बिगड़ी, मौत

फर्रुखाबाद से फरक्का एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे अमरोहा जनपद के एक यात्री की बुधवार रात अचानक तबीयत खराब हो गई। सांस लेने में परेशानी होने पर रेलवे स्टाफ ने अलीगढ़ स्टेशन पर चिकित्सक को बुलाया। जांच के बाद रेलवे चिकित्सक ने यात्री को मृत घोषित कर दिया। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि जनपद अमरोहा के ढेर पछियां निवासी नफीस अहमद (58) फरक्का एक्सप्रेस से दिल्ली तक सफर कर रहे थे। ट्रेन के टूंडला पार करने के बाद नफीस अहमद को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। यात्रियों ने रेलवे स्टाफ को जानकारी दी तो अलीगढ़ स्टेशन पर डॉक्टर कॉल की गई। ट्रेन रात करीब सवा तीन बजे प्लेटफार्म संख्या चार पर पहुंची। जहां रेलवे चिकित्सक ने जांच के बाद नफीस अहमद को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि सूचना पर पहुंचे परिजनों ने किसी प्रकार की कार्रवाई से इन्कार कर दिया। संवाद

Aligarh News: डरने की नहीं, आवाज उठाने की जरूरत...

महिला थाना प्रभारी ने कहा कि यदि कोई छात्रा या महिला परेशान करता है, पीछा करता है या किसी तरह की अभद्रता करता है तो डरने की नहीं, आवाज उठाने की जरूरत है। कार्यक्रम में पूजा पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा और कानून से जुड़े सवाल पूछे। महिला थाना प्रभारी निशा ने छात्राओं को भरोसा दिलाया कि मुश्किल समय में पुलिस से मदद लेने में बिल्कुल न हिचकें। उन्होंने थानों में संचालित मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी देते हुए बताया कि यहां महिला पुलिसकर्मी महिलाओं और बालिकाओं की समस्याएं सुनकर सहायता करती हैं। उन्होंने छात्राओं को 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 112 आपातकालीन पुलिस सेवा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में तत्काल 112 पर संपर्क किया जा सकता है।

अपनी सुरक्षा में विरोध करने पर क्या होगा?

कार्यक्रम में छात्रा कुलसुम ने सवाल किया कि यदि कोई लड़की को परेशान करता है और लड़की अपनी सुरक्षा के लिए उसका विरोध करती है, तो ऐसी स्थिति में पुलिस कार्रवाई किस आधार पर करेगी? इस पर पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को कानून के दायरे में आत्मरक्षा और शिकायत की प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम में कांस्टेबल स्वाति और लक्ष्मी यादव के साथ स्कूल की अंबिका सक्सेना, सानिया अरोड़ा और निशा सहित शिक्षक मौजूद रहे।

Aligarh News: 15.20 करोड़ से बनेंगे दो नए बिजलीघर

शहर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 15.20 करोड़ रुपये की लागत से दो नए बिजलीघरों का निर्माण कराया जाएगा। कयामपुर और सहारनपुर सारसौल में 33 केवीए बिजलीघर बनाए जाएंगे।

इनके निर्माण से संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति का दबाव कम होने के साथ ही उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति मिल सकेगी। अधीक्षण अभियंता शहरी अंशुमान यादव के अनुसार, कयामपुर में बनने वाले बिजलीघर के निर्माण पर 6.70 करोड़ रुपये और सहारनपुर सारसौल में बिजलीघर बनाने पर 8.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शासन को यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा गया है। जहां से बजट मिलने के बाद दोनों बिजलीघर का निर्माण शुरू कराया जाएगा। दोनों बिजलीघरों के बनने से संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मेरठ का नीला ड्रम कांड: 'सर अब क्या सजा मिलेगी?', मुस्कान ने अफसरों से पूछा ये सवाल; फूट-फूटकर रोने लगा साहिल

मेरठ जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने बुधवार को सौरभ राजपूत की हत्या की आरोपी उनकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को दोषी करार दिया है। अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा है। 14 अक्तूबर को सजा सुनाई जाएगी।

मेरठ की चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में बुधवार को सौरभ की पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला के चेहरे पर फैसले का असर साफ दिखाई दिया। कोर्ट से दोनों को दोषी करार दिए जाने की जानकारी जेल पहुंची तो मुस्कान की आंखें भर आईं। साहिल भी फूट-फूटकर रोने लगा। कुछ देर बाद दोनों रोते हुए अपनी-अपनी बैरक में चले गए। इसके बाद दोनों ने किसी से कोई बातचीत नहीं की। हालांकि कोर्ट द्वारा दोषी करार दिए जाने के बाद मुस्कान ने जेल अधिकारियों से सवाल किया कि सर... दोषी करार देने के बाद क्या सजा दी जा सकती है... अब क्या होगा...। जेल अधिकारियों ने उसे बताया कि सजा अदालत तय करेगी।

फैसले के पहले से ही दोनों के व्यवहार में बदलाव दिखाई दे रहा था। मुस्कान पिछले तीन दिनों से सुंदर कांड के साथ-साथ भगवान शिव की पूजा कर रही थी। वहीं साहिल ने भी दूसरे बंदियों से बातचीत करना बंद कर दिया था। वह जेल की चारदीवारी में अकेला रह रहा था और केवल जेल स्टाफ से ही बातचीत कर रहा था। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने बताया कि मुस्कान और साहिल ने मंगलवार को प्रार्थना पत्र देकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी कराने की अपील की थी। उनकी पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई। दोनों ही फैसला आने को लेकर चिंतित दिखाई दिए। डॉ. वीरेश राज शर्मा ने बताया कि दोनों पहले जेल में सामान्य जिंदगी व्यतीत कर रहे थे लेकिन 30 सितंबर को फैसले की तारीख तय होने के बाद से उनके व्यवहार में बदलाव दिखाई देने लगा। कुछ दिनों से दोनों खानपान भी सही से नहीं ले रहे थे। मुस्कान पहले जेल में सामान्य रूप से रहती थी और पूजा-पाठ भी कर रही थी, लेकिन फैसले से तीन दिन पहले से वह सुंदर कांड के साथ-साथ भगवान शिव की पूजा करने में लगी रही।जेल अधीक्षक के अनुसार साहिल खेतीबाड़ी के साथ-साथ दूसरे बंदियों से पहले बातचीत करता था। जेल में बंद दूसरे बंदी उससे फैसले को लेकर सवाल पूछ रहे थे। इसके बाद उसने उनसे बातचीत करना बंद कर दिया। अब वह केवल जेल स्टाफ से ही बातचीत करता था। साहिल से मिलने पहले उसकी नानी आती थी लेकिन वह भी काफी दिनों से मिलने नहीं आ रही है। उसका भाई कभी-कभी उससे मिलने आता है।

बड़ी बेटी से मिलना चाहती है मुस्कान

मुस्कान ने जेल अधिकारियों से अपने मां-बाप और बेटी से मिलने की इच्छा जताई थी। इस पर जेल अधिकारियों ने उसे बताया कि उसके मां-बाप मिलने आएंगे तो उसे मिलवा दिया जाएगा। जेल में किसी को विशेष रूप से घर से बुलाकर नहीं मिलवाया जाता। मुस्कान अपनी बड़ी बेटी से मिलने के लिए काफी इच्छुक है। उसकी छोटी बेटी उसके साथ जेल में रह रही है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने बताया कि अब तक मुस्कान से मिलने कोई भी पारिवारिक सदस्य नहीं आया है। फैसला सुनाए जाने के बाद मुस्कान और साहिल दोनों फूट-फूटकर रोने लगे। इसके बाद दोनों अपनी-अपनी बैरक में चले गए। जेल अधिकारियों के अनुसार फैसले से पहले दोनों चिंतित दिख रहे थे और अब दोषी करार दिए जाने के बाद उनके व्यवहार में भावनात्मक बदलाव साफ नजर आया।साजिश के तहत सौरभ की हत्या की गई थी। मुस्कान और साहिल सौरभ को रास्ते से हटाना चाहते थे इसलिए हत्या की गई।

ग्राउंड रिपोर्ट: दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा दावा फेल, दवाओं के लिए घंटों लाइन

सफदरजंग में पर्ची की सभी दवाएं नहीं मिलीं : सफदरजंग अस्पताल के दवा काउंटर पर मोहम्मद हुसैन को भी इसी स्थिति का सामना करना पड़ा। लंबी कतार में इंतजार के बाद जब उनकी बारी आई तो पर्ची पर लिखी सभी दवाएं उपलब्ध नहीं थीं। कुछ दवाएं नहीं मिलीं, जबकि बाकी दवाएं बाहर से खरीदने के लिए कहा गया। हुसैन को मजबूरन अस्पताल से बाहर मेडिकल स्टोर से दवाएं खरीदनी पड़ीं। मरीजों का कहना है कि घंटों कतार में खड़े रहने के बाद काउंटर पर अक्सर 'दवा उपलब्ध नहीं है', 'खत्म हो गई' या 'बाहर से खरीद लें' जैसे जवाब मिलते हैं। इससे मुफ्त इलाज की उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों का खर्च बढ़ जाता है। बुजुर्गों के लिए एक घंटे का इंतजार भी चुनौती : लंबी कतार का असर सबसे ज्यादा बुजुर्ग, दिव्यांग और कमजोर मरीजों पर पड़ता है। गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए भी लंबे समय तक इंतजार करना मुश्किल होता है। कुछ अस्पतालों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग दवा काउंटर हैं। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ऐसी सुविधा की जानकारी देता है। आरएमएल में भी 'नॉट अवेलेबल' की शिकायत

आरएमएल अस्पताल में कतार में खड़े रहीम ने बताया कि डॉक्टर ने कई दवाएं लिखी थीं। काउंटर से कुछ दवाएं मिल गईं, लेकिन बाकी के लिए उन्हें बाहर जाना पड़ा। अन्य मरीजों की पर्चियों पर भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। किसी को लिखी दो दवाओं में से सिर्फ एक मिली, जबकि कुछ पर्चियों पर एक के बाद एक दवाओं के सामने 'नॉट अवेलेबल' लिखा था। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में निर्धारित सूची के अनुसार मरीजों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। अस्पतालों की वेबसाइट पर भी इसका उल्लेख है। दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल सभी मरीजों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराने की जानकारी देता है।

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मरीजों और तीमारदारों को मुफ्त दवा लेने के लिए रोजाना लंबी कतारों से गुजरना पड़ता है। कई मरीज दवा काउंटर खुलने से दो-तीन घंटे पहले ही अस्पताल पहुंचकर लाइन में लग जाते हैं।दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा लेने के लिए मरीजों और तीमारदारों को रोजाना लंबी कतार से गुजरना पड़ रहा है। कई मरीज दवा काउंटर खुलने से दो-तीन घंटे पहले ही अस्पताल पहुंचकर लाइन में लग जाते हैं। इसके बावजूद काउंटर तक पहुंचने पर पर्ची में लिखी सभी दवाएं नहीं मिलतीं। कुछ दवाओं के लिए मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर का रुख करना पड़ता है। अस्पतालों में दवा वितरण व्यवस्था का जायजा लेने पर मरीजों और तीमारदारों ने लंबा इंतजार और दवाओं की अनुपलब्धता को बड़ी परेशानी बताया।सरदार वल्लभ भाई पटेल अस्पताल में दवा लेने के लिए करीब एक घंटे से लाइन में लगे गौरव की जब बारी आई तो उन्हें पर्ची की कुछ दवाएं ही मिल सकीं। बाकी दवाएं उपलब्ध नहीं थीं, इसलिए उन्हें बाहर से खरीदना पड़ा। गौरव की यह परेशानी अकेली नहीं है। दवा काउंटर पर मौजूद कई मरीजों ने बताया कि डॉक्टर की पर्ची मिलने के बाद दवा लेने के लिए उन्हें दूसरी कतार में काफी देर खड़ा रहना पड़ता है। सामान्य दिनों में भी दवा मिलने में करीब एक घंटे तक का समय लग जाता है।

शाहजहांपुर में सनसनीखेज वारदात: मंदिर परिसर में दो सेवादारों की हत्या, शव जलाए, पुलिस जांच में जुटी

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी दूर खुदागंज क्षेत्र में मंदिर परिसर में दो सेवादारों की हत्या कर दी गई। उनके शवों को परिसर में जला दिया गया। बृहस्पतिवार सुबह ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो मंजर देख सन्न रह गए। शाहजहांपुर के खुदागंज थाना क्षेत्र के सूथा गांव में बृहस्पतिवार सुबह प्राचीन मंदिर परिसर में दो सेवादारों के शव जली हालत में मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों की हत्या किए जाने के बाद शव जलाने की बात सामने आई है। घटना की जानकारी होते ही गांव में बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ अफसर मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस ने जले शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान मंदिर के सेवादार गोपाल दास और बाबा बिहारी दास के रूप में हुई। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों सेवादार मंदिर परिसर में ही रहते थे और धार्मिक कार्यों में सेवा करते थे। सुबह ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो परिसर में दोनों के शव पड़े देखे। दोनों शव एक-दूसरे से 10 मीटर दूर पड़े थे। दोनों शव बुरी तरह जल चुके थे। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

दोहरे हत्याकांड से ग्रामीण स्तब्ध

दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही एसपी सौरभ दीक्षित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की। दोहरे हत्याकांड से ग्रामीण स्तब्ध हैं। मंदिर परिसर में जो मंदिर दिखा, उससे लग रहा है कि दोनों सेवादारों की हत्या निर्मम तरीके से की गई। इसके बाद शवों को जला दिया गया।

दिल्ली: आज से बिना पीयूसी नहीं मिलेगा ईंधन, जानिए कैसे होगी निगरानी; पकड़े जाने पर 10 हजार रुपये तक का चालान

ऐसे होगी पेट्रोल पंप पर निगरानी

पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार, पेट्रोल पंप में प्रवेश करने वाले वाहन की नंबर प्लेट कैमरे से पढ़ी जाएगी। सिस्टम नंबर के आधार पर वाहन की जानकारी और पीयूसी की स्थिति की जांच करेगा। वैध पीयूसी होने पर वाहन को ईंधन दिया जाएगा। बिना वैध पीयूसी वाले वाहन की पहचान होने पर उसे ईंधन देने से रोका जाएगा।

कल यानी गुरुवार से दिल्ली में बिना वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) वाले वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा। नियम लागू होने से एक दिन पहले बुधवार को राजधानी के कई पेट्रोल पंपों पर इसकी तैयारी का असर खास नजर नहीं आया। कनॉट प्लेस, बाबा खड़क सिंह मार्ग, जनपथ, राजेंद्र प्लेस, आरके पुरम और मुनिरका समेत कई पेट्रोल पंपों पर बने पीयूसी स्टेशन खाली रहे। अधिकतर पेट्रोल पंपों पर सामान्य दिनों जैसी ही स्थिति रही। पंपों पर आने वाले कई वाहन चालकों को नए नियम की जानकारी तक नहीं थी।पकड़े जाने पर 10 हजार रुपये तक कटेगा चालान

सरकार का कहना है कि दिल्ली में करीब 500 एएनपीआर कैमरों से लैस पेट्रोल पंपों पर इसकी सख्ती से निगरानी की जाएगी। अभियान के तहत बिना वैध पीयूसी वाहन चलाने वालों पर प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में मोटर वाहन नियमों के तहत 10 हजार रुपये तक का चालान हो सकता है। इसके साथ ही प्रदूषण नियंत्रण के लिए एआई आधारित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को सक्रिय किया जा रहा है। 334 प्रवर्तन टीमें भी तैनात की गई हैं। पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों से बातचीत में पता चला कि कई लोगों को सिर्फ इतना पता था कि पीयूसी जरूरी है, लेकिन यह जानकारी नहीं थी कि एक अक्तूबर से पीयूसी नहीं होने पर पेट्रोल या डीजल भी नहीं मिलेगा। दिल्ली सरकार ने एक अक्तूबर से नो पीयूसी, नो फ्यूल व्यवस्था को सख्ती से लागू करने की घोषणा की है। इसके तहत वैध पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं होने पर पेट्रोल, डीजल समेत ईंधन नहीं मिलेगा। बुधवार को कई पेट्रोल पंप संचालकों से बातचीत में यह भी सामने आया कि कर्मचारियों को नियम लागू करने की प्रक्रिया को लेकर हर जगह स्पष्ट जानकारी नहीं मिली थी। पेट्रोल पंप संचालक ब्रिजेश ने बताया कि लोगों को अभी तक जानकारी नहीं पहुंची। उनके अनुसार, बुधवार दिन में करीब 35 लोग ही पीयूसी करवाने पहुंचे। उनके मुताबिक, पीयूसी बनवाने के दौरान वाहन मालिक के मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है। ऐसे में जिन लोगों का मोबाइल नंबर बदल गया है या पुराना नंबर बंद हो चुका है, उन्हें परेशानी हो सकती है। पीयूसी केंद्रों पर बढ़ सकती है भीड़

बाबा खड़क सिंह मार्ग स्थित पेट्रोल पंप संचालक जयंत ने बताया कि नियम लागू होने के बाद पीयूसी केंद्रों पर भीड़ बढ़ने की संभावना है। उनके अनुसार, वाहन चालक सुविधा के कारण अक्सर पेट्रोल पंपों पर ही पीयूसी बनवाना पसंद करते हैं। जिन वाहन चालकों ने अभी तक पीयूसी नहीं बनवाया है, उन्हें अब इसकी जरूरत पड़ेगी। वाहन मालिकों के लिए सिर्फ पीयूसी बनवाना ही नहीं, बल्कि उसकी वैधता जांचना भी जरूरी होगा। प्रमाणपत्र की अवधि खत्म होने पर नया प्रमाणपत्र बनवाना पड़ेगा।आरकेपुरम में मौजूद वाहन चालक रमन ने बताया कि उसे नियम की जानकारी पहली बार पेट्रोल पंप पर ही मिली। वहीं, एक अन्य चालक मनोज ने बताया कि वह हर महीने वाहन में ईंधन भरवाता है, लेकिन उसे इस तरह के नियम की जानकारी नहीं थी।

केशव सेवा धाम: वार्षिकोत्सव 2 अक्तूबर को, मुख्य वक्ता होंगे आरएसएस अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल

केशव सेवा धाम समिति दो अक्तूबर को अपना वार्षिकोत्सव आयोजित करने जा रही है। कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियां चल रही हैं। कार्यक्रम संयोजक अनूप गुप्ता सीए और जयप्रकाश सारस्वत ने इस आयोजन की जानकारी दी।

अलीगढ़ में केशव सेवा धाम सिंघारपुर मथुरा रोड पर पूर्वोत्तर राज्यों के बच्चों का छात्रावास है। यह बच्चों को निशुल्क शिक्षा और आवास की सुविधा प्रदान करता है। शहर के प्रबुद्धजन इन बच्चों के पालक बनकर उनकी देखरेख करते हैं। केशव सेवा धाम समिति दो अक्तूबर को अपना वार्षिकोत्सव आयोजित करने जा रही है। कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियां चल रही हैं। कार्यक्रम संयोजक अनूप गुप्ता सीए और जयप्रकाश सारस्वत ने इस आयोजन की जानकारी दी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। रामलाल पूर्व में अलीगढ़ में जिला प्रचारक की भूमिका निभा चुके हैं। वह भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री का पद भी संभाल चुके हैं। श्री आनंतवीर दास महाराज चंद्रोदय मंदिर अक्षय पात्र, वृंदावन, आशीर्वचन प्रदान करेंगे। नवीन कुमार अग्रवाल, नारायण इंटरनेशनल, नोएडा, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वरिष्ठ स्वयंसेवक इंद्रमणि पाठक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

दो अक्तूबर को यह कार्यक्रम सायं 4:30 बजे से रात्रि भोजन तक चलेगा। पूर्वोत्तर के असम, त्रिपुरा, मिजोरम और नागालैंड क्षेत्र के बच्चे अपनी भारतीय संस्कृति के विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वर्तमान में 58 छात्र केशव सेवा धाम सिंघारपुर के छात्रावास में रह रहे हैं। केशव सेवा समिति रजिस्टर्ड अलीगढ़ के अध्यक्ष श्याम नारायण अग्रवाल ने बताया कि पूर्वोत्तर राज्यों के बच्चों को स्वावलंबी बनाना उनका मुख्य लक्ष्य है। इन छात्रावासों का उद्देश्य बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यह वार्षिक उत्सव समिति के सेवा कार्यों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

केशव सेवा धाम का उद्देश्य और कार्यप्रणाली

केशव सेवा धाम परिसर में स्थित छात्रावासों में पूर्वोत्तर राज्यों के बच्चे रहते हैं। इन छात्रावासों में रहना, खाना और पढ़ाई सब समाज के सहयोग से होता है। समिति का लक्ष्य इन बच्चों को स्वावलंबी बनाना है। उन्हें देश की मुख्यधारा से जोड़ना भी एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। शहर के प्रबुद्धजन इन बच्चों के पालक बनकर उनकी देखरेख करते हैं। देश भर में विभिन्न रूपों में 100 से अधिक छात्रावास संचालित हो रहे हैं। इन छात्रावासों में बच्चे रहकर अपनी शिक्षा पूरी करते हैं।

समिति द्वारा संचालित अन्य केंद्र

केशव सेवा धाम टोली द्वारा कई अन्य सेवा कार्य भी संचालित किए जाते हैं। इनमें छात्रावासों के अतिरिक्त कन्या महाविद्यालय भी शामिल हैं। आरोग्य केंद्र भी समिति द्वारा चलाए जाते हैं। देवालयों का संचालन भी केशव सेवा धाम टोली करती है। गौ सदन भी समिति की गतिविधियों का हिस्सा हैं। ये सभी केंद्र समाज सेवा के विभिन्न आयामों को पूरा करते हैं। इनका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को सहायता प्रदान करना है। ये पहलें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होती हैं।

केशव सेवा समिति का संरक्षक मंडल

केशव सेवा समिति के संरक्षक मंडल में कई प्रमुख व्यक्ति शामिल हैं। सुरेश चंद्र अग्रवाल पंजाब नेशनल बैंक से संरक्षक मंडल के सदस्य हैं। डॉक्टर शन्नो रानी और शशिबाला अग्रवाल भी इस मंडल का हिस्सा हैं। मनीराम शर्मा कोल्ड वाले और हरिशंकर अग्रवाल भी संरक्षक मंडल में हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र कुमार पदेन सदस्य हैं। विभाग प्रचारक गोविंद भी पदेन सदस्य के रूप में शामिल हैं। यह मंडल समिति के कार्यों को दिशा प्रदान करता है। ये सदस्य समिति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पत्रकार वार्ता में ये रहे मौजूद

पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष श्याम नारायण अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक अनूप गुप्ता सीए, जयप्रकाश सारस्वत, अनुपमा अग्रवाल, गीतिका अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल अल्फ़ा, सुरेश चंद्र अग्रवाल पीएनबी, भूपेंद्र शर्मा, राजनारायण सिंह, चेतन वार्ष्णेय, भूपेंद्र सिंह, पंकज शर्मा और सुनील भंडारी आदि मौजूद रहे।

'हीरो हैं स्मित मच्छार': भारतीय पायलट की बहादुरी की तारीफ, पीएम मोदी-नेतन्याहू और ट्रंप समेत किस-किस ने सराहा?

फ्लाईदुबई की उड़ान में कॉकपिट के अंदर हमले के बाद भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार गंभीर रूप से घायल हुए, फिर भी उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोलने में मदद की। विमान सुरक्षित उतरा और दुनिया ने उनके साहस को सलाम किया।
दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड1073 में बुधवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब कॉकपिट के अंदर दोनों पायलटों के बीच कथित तौर पर हिंसक झड़प हो गई। घटना के दौरान भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद विमान अचानक तेजी से नीचे जाने लगा।
रिपोर्टों के मुताबिक, विमान ने बेहद कम समय में हजारों फीट की ऊंचाई खो दी। स्थिति बिगड़ती देख यात्रियों और चालक दल के सदस्यों ने कॉकपिट तक पहुंचने की कोशिश की। घायल होने के बावजूद कैप्टन मच्छार ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने में मदद की, जिससे अंदर मौजूद हमलावर को काबू करने का रास्ता बना।

घायल होने के बावजूद कैप्टन ने खोला कॉकपिट का दरवाजा

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कैप्टन मच्छार के साहस की खास तौर पर तारीफ की। उनके मुताबिक, भारतीय पायलट बुरी तरह घायल और खून से लथपथ थे, लेकिन उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोलने में मदद की।

इसके बाद इस्राइली यात्री यानिव हयून कॉकपिट के अंदर पहुंचे। नेतन्याहू के अनुसार, हयून ने कथित हमलावर को पीछे से पकड़कर नियंत्रण से दूर किया और पायलट की सीट पर पहुंचकर विमान को संभालने में मदद की। अन्य यात्रियों और क्रू सदस्यों ने भी हमलावर को काबू करने में भूमिका निभाई।

तबूक में सुरक्षित उतरा विमान

घटना के बाद फ्लाईदुबई के विमान को सऊदी अरब की ओर मोड़ दिया गया। विमान ने तबूक में सुरक्षित लैंडिंग की। इसके बाद यात्रियों को दूसरे विमान से तेल अवीव भेजा गया। फ्लाईदुबई ने भी पुष्टि की कि फ्लाइट के कॉकपिट में झड़प हुई थी और विमान में मौजूद ड्यूटी क्रू ने स्थिति को संभालते हुए विमान को सुरक्षित रूप से डायवर्ट किया।

नेतन्याहू ने कहा- यह अविश्वसनीय साहस था

इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित मच्छार के साहस को 'अविश्वसनीय' बताया। उन्होंने कहा कि घायल होने के बावजूद भारतीय पायलट ने जिस तरह स्थिति का सामना किया, उसने यात्रियों और चालक दल को हस्तक्षेप का मौका दिया।

नेतन्याहू ने कैप्टन मच्छार और विमान में मौजूद अन्य लोगों के प्रयासों को उस बड़ी त्रासदी को टालने से जोड़ा, जो उनके मुताबिक बड़े स्तर पर जानमाल का नुकसान कर सकती थी।

पीएम मोदी ने कहा- कैप्टन स्मित मच्छार एक HERO हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी की सराहना की। उन्होंने कहा कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मच्छार ने दूसरों की जान बचाने के लिए अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प दिखाया। पीएम मोदी ने उन्हें 'हीरो' बताते हुए कहा कि उनके साहस ने सैकड़ों लोगों की जान बचाने और एक बड़ी त्रासदी को टालने में मदद की।

इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने भी किया सलाम

इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने कैप्टन मच्छार की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोलने में मदद की। मंत्रालय के मुताबिक, इससे इस्राइली यात्रियों और अमीराती क्रू को अंदर पहुंचकर स्थिति संभालने का मौका मिला। इस्राइल के भारत में राजदूत रुवेन अजार ने भी कैप्टन मच्छार और विमान में मौजूद अन्य यात्रियों एवं क्रू की बहादुरी की सराहना की।

भारतीय दूतावास ने बताया- असाधारण साहस

इस्राइल में भारतीय दूतावास ने कैप्टन मच्छार के साहस, संयम और कर्तव्य के प्रति समर्पण की तारीफ की। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने भी उनकी बहादुरी को सलाम किया।
फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास ने भी कैप्टन मच्छार की तारीफ करते हुए कहा कि घायल होने के बावजूद उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोलने में मदद की और यात्रियों तथा क्रू को हमलावर को काबू करने का अवसर मिला।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी की तारीफ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी घटना को लेकर कैप्टन मच्छार और यात्री यानिव हयून की तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद पायलट ने दरवाजा खोलकर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने हयून की भी सराहना की, जिन्होंने कथित हमलावर को काबू करने और विमान को संभालने में मदद की।

कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी को विदेश मंत्रालय ने किया सलाम

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी को सलाम किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए बताया कि उनका इलाज चल रहा है और वे सुरक्षित हैं। फ्लाईदुबई की फ्लाइट के दौरान पायलट स्मित पर हमला हुआ था। घायल होने के बाद भी स्मित ने यात्रियों और क्रू की जान बचाने की जिम्मेदारी बखूबी निभाई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट पर लिखा ''हम कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी को सलाम करते हैं। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, उन्होंने अद्भुत साहस दिखाया और कई लोगों की जान बचाई। उनका इलाज चल रहा है और वे सुरक्षित हैं। हम उनके जल्द ठीक होने की कामना और प्रार्थना करते हैं। देश गर्व के साथ उनके और उनके परिवार के साथ खड़ा है।''

जयशंकर ने भी की बहादुरी की तारीफ

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी की तारीफ की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा ''कैप्टन स्मित मच्छर की असाधारण हिम्मत और मुश्किल हालात में भी सूझ-बूझ दिखाने की काबिलियत ने कल सैकड़ों लोगों की जान बचाई और एक बड़ी त्रासदी को टाल दिया। उनकी बहादुरी को सलाम करने और उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना करने के लिए दुनियाभर के अनगिनत लोगों के साथ जुड़ें।''

यात्री यानिव हयून भी बने चर्चा का केंद्र

इस घटना में इस्राइली यात्री यानिव हयून की भूमिका भी सामने आई है। हयून ने बताया कि वह कॉकपिट में पहुंचे तो कथित हमलावर विमान के नियंत्रण वाले उपकरणों के पास था। उन्होंने उसे पीछे से पकड़कर वहां से हटाया और विमान को नियंत्रित करने में मदद की।
हयून ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू से मुलाकात के दौरान यह भी बताया था कि उन्हें विमान के नियंत्रण के बारे में कुछ जानकारी टीवी के कार्यक्रम 'एयर क्रैश इन्वेस्टिगेशन' से मिली थी। नेतन्याहू ने उन्हें भी 'हीरो' बताया।

कौन हैं कैप्टन स्मित मच्छार?

कैप्टन स्मित मच्छार अनुभवी भारतीय पायलट हैं। रिपोर्टों के अनुसार, उनके पास 13 साल से ज्यादा का कमर्शियल एविएशन अनुभव है और उन्होंने करीब 9,750 घंटे उड़ान भरी है। वह मुख्य रूप से बोइंग 737 विमान उड़ाते रहे हैं।
फ्लाईदुबई में शामिल होने से पहले उन्होंने करीब 11 साल तक भारतीय एयरलाइन स्पाइसजेट में काम किया था, जहां वह लाइन ट्रेनिंग कैप्टन भी रहे। वह जून 2022 में फ्लाईदुबई से जुड़े थे।

कैसे बिगड़ी थी स्थिति?

फ्लाइट दुबई से तेल अवीव जा रही थी। इसी दौरान कॉकपिट में कथित तौर पर दोनों पायलटों के बीच झड़प हुई और कैप्टन मच्छार घायल हो गए। विमान ने अचानक तेजी से ऊंचाई खोनी शुरू कर दी।

यात्रियों ने विमान में तेज झटके महसूस किए। कुछ यात्रियों के मुताबिक, विमान के अचानक नीचे जाने से लोग घबरा गए और उन्हें लगा कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है। इसी दौरान यात्रियों और क्रू के कुछ सदस्यों ने कॉकपिट में पहुंचकर स्थिति को संभालने में मदद की।

हमले के पीछे क्या था मकसद?

घटना के पीछे कथित हमलावर का मकसद अभी स्पष्ट नहीं है। नेतन्याहू ने कहा कि मामले की जांच चल रही है और यह पता लगाया जाना बाकी है कि हमलावर ने ऐसा क्यों किया और क्या उसके कोई सहयोगी थे।
उन्होंने ईरान की संभावित भूमिका को लेकर भी कहा कि इस समय कुछ कहना जल्दबाजी होगी और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। ऐसे दावों की स्वतंत्र पुष्टि जांच पूरी होने तक नहीं हुई है।

फ्लाईदुबई ने इस्राइल की उड़ानें अस्थायी रूप से रोकीं

घटना के बाद फ्लाईदुबई ने जांच पूरी होने तक इस्राइल से जुड़ी अपनी उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित करने की घोषणा की है। इस बीच संबंधित अधिकारी घटना की परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं।
पूरे घटनाक्रम में कैप्टन स्मित मच्छार की भूमिका को लेकर भारत, इस्राइल और अमेरिका समेत कई जगहों से सार्वजनिक तौर पर सराहना सामने आई है। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद कॉकपिट का दरवाजा खोलने में उनकी भूमिका और इसके बाद यात्रियों व क्रू के हस्तक्षेप को विमान को सुरक्षित उतारने की प्रक्रिया में अहम माना जा रहा है।

एलपीजी की कीमतों में उछाल: आज से 70 रुपये से अधिक महंगा हुआ कमर्शियल गैस सिलिंडर, नई कीमतें क्या?

वाणिज्यिक गैस सिलिंडर की कीमतों में उछाल की खबर है। 19 किलोग्राम वाले सिलिंडर के दाम 70 रुपये से अधिक बढ़ाए जाने की सूचना है। अलग-अलग शहरों में गैस के दाम भिन्न हो सकते हैं। कीमतें बढ़ने से कारोबारों का ईंधन खर्च बढ़ जाएगा।त्योहारी सीजन से ठीक पहले आज कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में उछाल दर्ज की गई है। तेल-गैस का कारोबार करने वाली कंपनियों ने दाम 60 से 70 रुपये से अधिक बढ़ाए हैं। महंगे हुए 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलिंडर की नई कीमतें अलग-अलग शहरों में टैक्स के मुताबिक भिन्न रहती हैं। ऐसे में आज हुए कीमतों में बढ़ोतरी के बाद भी नई दरें अलग-अलग होंगी। घरेलू गैस के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

त्योहारी सीजन में महंगाई का झटका, दिल्ली में नए दाम कितने?

रिपोर्ट्स के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले सिलिंडर की कीमत में 62.50 रुपये की वृद्धि हुई है। दिल्ली में नई कीमत 2,810 रुपये हो गई है। त्योहारी सीजन में वाणिज्यिक सिलिंडरों की मांग बढ़ती है, ऐसे में होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग कारोबारों पर असर दिख सकता है। इससे पहले सितंबर में भी वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडर की कीमत 9.50 रुपये बढ़ी थी।

कारोबारों पर क्या होगा असर?

दरअसल, अधिकांश होटल, रेस्टोरेंट और छोटे भोजनालय दैनिक व्यवसाय और खाना पकाने जैसी गतिविधियों में बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडर का उपयोग करते हैं। सिलिंडर के दाम बढ़ने से लागत बढ़ सकती है। ऐसे में कम लाभ पर चलने वाले छोटे कारोबारों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतें खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों की लागत पर भी व्यापक प्रभाव डाल सकती हैं। कारोबार में अतिरिक्त लागत की सूरत में ग्राहकों से अधिक कीमत वसूली जा सकती है।

विदेश में आशियाना चाहते हैं 74 फीसदी भारतीय उद्यमी: सिंगापुर पहली पसंद; क्या है वजह?

भारतीय उद्यमी अब कारोबार के साथ विदेश में भी अपनी मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। एचएसबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 74 फीसदी उद्यमी विदेश में दूसरा आशियाना चाहते हैं और सिंगापुर उनकी पहली पसंद है। क्या निवेश और एआई के बढ़ते इस्तेमाल से भारतीय कारोबार का अगला विस्तार वैश्विक स्तर पर होगा? पढ़िए इस रिपोर्ट में।भारतीय उद्यमी अब केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की तैयारी में हैं। एचएसबीसी की ग्लोबल आंत्रप्रेन्योरियल वेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, देश के लगभग तीन-चौथाई यानी 74 फीसदी उद्यमी विदेश में एक अतिरिक्त आशियाने की चाहत रखते हैं या किसी दूसरे बसने की योजना बना रहे हैं। यह आंकड़ा वैश्विक औसत 70 प्रतिशत के बेहद करीब है। यह इस बात का संकेत है कि भारतीय उद्यमी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कारोबार का विस्तार कर रहे हैं।रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सिंगापुर सबसे लोकप्रिय गंतव्य बनकर उभरा है, जिसे 14% लोगों ने चुना। इसके बाद सूची में फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका का स्थान रहा, जिनमें से प्रत्येक को 11-11% उद्यमियों ने पसंद किया है। उद्यमियों के इस कदम के पीछे की प्रमुख वजह बेहतर निवेश के अवसर तलाशना, वित्तीय सुरक्षा मजबूत करना, महंगाई से बचाव और दीर्घकालिक पोर्टफोलियो विविधीकरण करना है।

तकनीक से बढ़ेंगी नौकरियां

नौकरी और एआई को लेकर फैली आम आशंकाओं के विपरीत, सर्वेक्षण में भाग लेने वाले लगभग आधे (45%) भारतीय उद्यमियों का मानना है कि एआई अगले दो वर्षों में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि करेगा, जबकि 25% का मानना है कि इससे संख्या घटेगी। आधे से अधिक (54%) उद्यमी अपने टर्नओवर का 11% से 30% हिस्सा एआई में निवेश करने की योजना बना रहे हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर यह 61% है।

भारतीय तेजी से अपना रहे एआई

रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि भारतीय उद्यमी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने के मामले में वैश्विक औसत से काफी आगे हैं और वे तेजी से इसे अपना रहे हैं। लगभग 99 फीसदी उद्यमी अपने कारोबार के संचालन में बदलाव लाने के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं या योजना बना रहे हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर यह आंकड़ा 95% है। लगभग दो-तिहाई (65%) उद्यमियों ने एआई के प्रभाव के लिए अपने कारोबार को पहले ही ढाल लिया है, जो कि 60% के वैश्विक औसत से आगे है।भारतीय उद्यमी एआई को बड़े उत्साह के साथ अपना रहे हैं और प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने व कारोबार के विकास के अगले चरण में इसके समर्थन को पहचान रहे हैं। एआई में निवेश करने की उनकी इच्छा भविष्य के अवसरों में मजबूत विश्वास को दर्शाती है। -संदीप बत्रा, इंटरनेशनल वेल्थ एंड प्रीमियर बैंकिंग हेड (एचएसबीसी इंडिया) कारोबार का होगा विस्तार रिपोर्ट के मुताबिक, 46% भारतीय उद्यमियों का मानना है कि एआई प्रतिस्पर्धी बढ़त हासिल करने में मदद कर रहा है, जबकि 42% का मानना है कि यह नए बाजारों या व्यापारिक क्षेत्रों की पहचान करने में सहायक हो सकता है। इसके अलावा, 39% ने कर्मचारी उत्पादकता बढ़ाने और लाभ मार्जिन में सुधार को इसके संभावित लाभों में गिनाया।

केंद्रीय मंत्रिमंडल से 1789 करोड़ की योजना मंजूर: जाम से मिलेगी राहत; अब ट्रैफिक प्रबंधन होगा 'इंटेलिजेंट'

दिल्ली में जाम और बढ़ते वाहनों के बीच केंद्र ने 1,789.52 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। 42 प्रमुख मार्गों पर स्मार्ट ट्रैफिक व्यवस्था लागू होगी। तो कैसे बदलेगा दिल्ली का ट्रैफिक और कहां-कहां मिलेगी राहत? पढ़िए इस रिपोर्ट में। राष्ट्रीय राजधानी में लोगों को जल्द जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। दिल्ली में ट्रैफिक जाम और वाहनों की बढ़ती संख्या के बीच केंद्र ने मौजूदा सड़क नेटवर्क को तकनीक के जरिये अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को दिल्ली पुलिस के लागू किए जाने वाले इस प्रोजेक्ट के लिए 1,789.52 करोड़ रुपये मंजूर किए।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसका मकसद रियल-टाइम ट्रैफिक डाटा, अडैप्टिव ट्रैफिक सिग्नल, ऑटोमेटेड एनफोर्समेंट और इंटीग्रेटेड कमांड-एंड-कंट्रोल सिस्टम के जरिये मौजूदा सड़क नेटवर्क का बेहतर और स्मार्ट तरीके से प्रबंधन करना है।यह व्यवस्था दिल्ली के 42 प्रमुख ट्रैफिक कॉरिडोर में तीन चरणों में लागू होगी।

एंबुलेंस के लिए मिल सकेगा ग्रीन कॉरिडोर

परियोजना के तहत इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता देना है। एंबुलेंस जैसे वाहनों के लिए आवश्यकता के मुताबिक ग्रीन कॉरिडोर बनाया जा सकेगा, जिससे उन्हें जाम और डायवर्जन वाले हिस्सों से तेजी से निकालने में मदद मिलेगी। यात्रियों के लिए इसका फायदा कम अनावश्यक रुकावट, बेहतर ट्रैफिक प्रवाह के रूप में सामने आ सकता है। डिजिटल बोर्ड और अन्य प्लेटफॉर्म पर जाम, डायवर्जन, पार्किंग उपलब्धता और सड़क की मौजूदा स्थिति की जानकारी पहले से मिल सकेगी। पूरी व्यवस्था को ट्रैफिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से संचालित किया जाएगा। इससे ट्रैफिक प्रबंधन, नियम प्रवर्तन और यात्रियों को सूचना देने की व्यवस्था एक ही प्लेटफॉर्म पर आ जाएगी।

नियम तोड़ने वालों पर स्वतः कार्रवाई परियोजना में 1,029

ऑटोमेटेड एनफोर्समेंट लोकेशन भी होंगी। इनके जरिये लाल बत्ती और स्टॉप लाइन तोड़ना, तेज रफ्तार, गलत दिशा में वाहन चलाना, अवैध पार्किंग, हेलमेट या सीट बेल्ट का इस्तेमाल न करना और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग जैसे उल्लंघनों का पता लगाने में मदद मिलेगी।

धान-मक्का-सोयाबीन का रकबा घटा: हल्दी भी महंगी आने वाले दिनों में क्या होगा असर?

खरीफ सीजन में धान, मक्का और सोयाबीन की बुआई का रकबा घटा है, जबकि उड़द, तुअर और बाजरा की बुआई बढ़ी है। वहीं हल्दी के दाम एक साल में 42 फीसदी से ज्यादा चढ़कर 21,400 रुपये प्रति क्विंटल के करीब पहुंच गए हैं। आने वाले दिनों में इसका असर आपकी रसोई और बाजार पर कितना पड़ेगा? पढ़िए इस रिपोर्ट में।देश में खरीफ सीजन की फसलों के बुआई क्षेत्र में इस बार आए उतार-चढ़ाव का सीधा असर आने वाले महीनों में आपकी रसोई और बाजार पर पड़ सकता है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, धान के रकबे में सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली है। यह 438.19 लाख हेक्टेयर से घटकर 421.82 लाख हेक्टेयर रह गया है। इससे चावल के कुल उत्पादन पर असर पड़ना तय है।मक्का का रकबा 94.08 लाख हेक्टेयर से घटकर 91.09 लाख हेक्टेयर हो गया है, यानी इसमें 2.99 लाख हेक्टेयर की कमी आई है। मक्का का इस्तेमाल न केवल खाद्य पदार्थों बल्कि पोल्ट्री (मुर्गी पालन) और स्टार्च उद्योग में बड़े पैमाने पर होता है। इसकी घरेलू उपलब्धता प्रभावित होने पर दाम चढ़ सकते हैं। इसके अलावा, सोयाबीन का रकबा 122.98 लाख हेक्टेयर से घटकर 121.82 लाख हेक्टेयर रह गया है, यानी इसमें 1.16 लाख हेक्टेयर की गिरावट आई है।उड़द, बाजरा की बढ़ी बुआई एक तरफ जहां प्रमुख फसलों का रकबा घटा है, वहीं दूसरी तरफ दालों, मोटे अनाजों और तिलहन के मोर्चे पर कुछ राहत भरी खबरें भी हैं। उड़द की बुआई 22.46 लाख हेक्टेयर से 11.9% बढ़कर 25.15 लाख हेक्टेयर हो गई है। तुअर का रकबा भी 44.93 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 45.66 लाख हेक्टेयर पहुंच गया है। इसके अलावा, बाजरा का क्षेत्र 62.87 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 64.86 लाख हेक्टेयर हो गया है,

सर्राफा बाजार: सोने के दाम ₹700 रुपये बढ़कर 1.49 लाख प्रति 10 ग्राम हुए; चांदी स्थिर, बाजार में क्या चल रहा?

सोने की कीमतों में दो महीने के निचले स्तर से 700 रुपये की शानदार वापसी हुई, दिल्ली में यह 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। निवेशकों की खरीदारी और वैश्विक रुझानों ने बाजार को सहारा दिया, जबकि चांदी स्थिर रही। दिल्ली में बुधवार को सोने के भाव दो महीने के निचले स्तर से संभले। निवेशकों की ओर से निचले स्तरों पर खरीदारी करने और वैश्विक बाजार में मजबूत रुझान के कारण सोने की कीमतों में वृद्धि हुई। 10 ग्राम सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 1.49 लाख रुपये हो गई। वहीं, चांदी के दाम लगातार दूसरे सत्र में स्थिर बने रहे। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला पीला धातु दो सत्रों की गिरावट के बाद चढ़ा। मंगलवार के बंद भाव 1,48,600 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर यह 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें सभी कर शामिल हैं। चांदी की कीमत लगातार दूसरे सत्र में 2.32 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। इसमें भी सभी कर शामिल हैं। ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म लेमन के रिसर्च हेड गौरव गर्ग ने बताया कि हाल की गिरावट के बाद व्यापारियों की मूल्य खरीदारी से सोने की कीमतों में सुधार हुआ। हालांकि, अमेरिकी डॉलर में उतार-चढ़ाव ने सोने की कीमतों में अधिक उछाल को सीमित रखा।

वैश्विक बाजार में सोने पर क्या रुझान?

वैश्विक बाजारों में, हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 4,190 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। वहीं, चांदी 1.28 फीसदी गिरकर 60.68 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गई। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और करेंसी रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर ने इस पर टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि सोना 4,195 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के आसपास बना हुआ था। सितंबर माह के अंत तक यह 5 फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ समाप्त होने की राह पर था। यह स्थिति सहायक कारकों और लगातार बाधाओं के बीच चल रही खींचतान को दर्शाती है। कच्चे तेल और बढ़ती महंगाई का क्या असर?

कच्चे तेल की कीमतों में हाल ही में कमी आई है। यह कमी सऊदी अरब द्वारा एक प्रमुख पाइपलाइन के माध्यम से आपूर्ति बढ़ाने के बाद हुई है। इस कदम से महंगाई संबंधी कुछ चिंताएं कम हुई हैं। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी का असर भी सोने के बाजार पर पड़ा है। यह एक महत्वपूर्ण कारक है जो निवेशकों के रुझान को प्रभावित करता है और सोने की कीमतों पर दबाव डालता है।

द बोनस मार्केट अपडेट: सेंसेक्स 600 अंक टूटा, निफ्टी 22,700 के नीचे फिसला; जानिए क्या है इस गिरावट का कारण

भारतीय शेयर बाजार में सप्ताह की शुरुआत कमजोर रही। सेंसेक्स 600 से अधिक अंक गिरा, जबकि निफ्टी 22,600 के नीचे पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बाजार को नीचे खींचा। जानें वैश्विक बाजारों का हाल और तकनीकी विश्लेषण।भारतीय शेयर बाजार में सप्ताह की शुरुआत कमजोर रही। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 600 से अधिक अंक टूट गया। निफ्टी भी 22,600 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे फिसल गया।सुबह 10:02 बजे सेंसेक्स 616.08 अंक यानी 0.84% गिरकर 72,155.64 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं, निफ्टी 190.25 अंक यानी 0.84% की गिरावट के साथ 22,590.00 अंक पर पहुंच गया। दोनों प्रमुख सूचकांकों में करीब 0.84% की गिरावट से शुरुआती कारोबार में बाजार पर दबाव साफ नजर आया।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और इंफोसिस प्रमुख रूप से गिरे। वहीं, सन फार्मा, इंटरग्लोब एविएशन और अदाणी पोर्ट्स के शेयर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.74 फीसदी बढ़कर 107.1 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 5,353.22 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे बड़े शेयरों ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे खींचा। विश्लेषकों ने बताया कि 22,600 से नीचे की निर्णायक गिरावट बिकवाली के दबाव को और बढ़ा सकती है। इससे सूचकांक 22,400 की ओर बढ़ सकता है। यह स्तर पिछले दो वर्षों की प्रमुख निचले प्रवृत्ति रेखा और 200-सप्ताह के ईएमए से जुड़ा है, जो महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करता है।भारतीय शेयर बाजार में आई इस गिरावट की मुख्य वजह वैश्विक तनाव और आर्थिक दबाव हैं।

केबीसी 18: क्यों अमिताभ ने कुर्सी पर बैठकर किया दर्शकों का स्वागत? शो में पहली बार ऐसा करने की बताई बड़ी वजह

Amitabh Bachchan Injuered: ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ के नए एपिसोड के दौरान होस्ट अमिताभ बच्चन ने हमेशा की तरह खड़े होकर दर्शकों का स्वागत नहीं किया। वो एपिसोड की शुरुआत से ही होस्टिंग सीट पर बैठे रहे। इसी एपिसोड में उन्होंने ऐसा करने की वजह भी बताई। मेगा स्टार अमिताभ बच्चन इन दिनों टीवी रियलिटी गेम शो ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ होस्ट कर रहे हैं। आमतौर पर अमिताभ इस शो की शुरूआत खड़े होकर दर्शकों का स्वागत करके करते हैं। हालांकि, शो के हालिया एपिसोड में पहले से ही होस्ट की कुर्सी पर बैठे नजर आए। जानें इसके पीछे क्या वजह रही?

अमिताभ को हुआ क्या?

इसी एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया कि पिछले दिन शूटिंग के दौरान सेट पर ही उनका पैर फिसल गया और वे गिर गए। इसके चलते उनके घुटने में चोट लग गई। हाल ही में केबीसी के एपिसोड में बिगबी ने कहा, ‘आम तौर पर मैं अपना मोनोलॉग बीच में खड़े होकर देता हूं, लेकिन आज मेरे घुटने में चोट लग गई है। कल शूटिंग के दौरान मैं फिसल गया और गिर गया, जिससे मेरे घुटने में चोट लग गई।’ बिग बी ने अपनी चोट के में दर्शकों से यह भी कहा कि वह चिंतित न हों चोट गंभीर नहीं है। खबर सामने आने के बाद फैंस उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन ज्यादातर अपने ब्लॉग के जरिए फैंस से जुड़े रहते हैं। 25 और 26 सितंबर के अपने ब्लॉग पोस्ट में उन्होंने 'जीवित रहने' के बारे में लिखा। उनके नोट में उन्होंने लिखा ‘और... आप सोचते हैं कि यह सब कहां ले जाएगा। अगली पीढ़ी और वह मन जो सोचता है कि 'हम अगली पीढ़ी के लिए क्या छोड़ रहे हैं। यह कोई चिंता की बात नहीं है। यह तो बस इस बात का आश्चर्य है कि उनके लिए आगे क्या है और वे अपने जीवन के अनुभवों में कैसे आगे बढ़ेंगे और सबसे महत्वपूर्ण बात कैसे जीवित रहेंगे।’ उनके इस ब्लॉग को लोग बिग बी को बीते दिनों लगी चोट से जोड़ रहे हैं।

अमिताभ बच्चन का वर्कफ्रंट

- अमिताभ बच्चन के पास कई प्रोजेक्ट लाइन में हैं।
- वे जल्द ही रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित कोर्टरूम ड्रामा 'सेक्शन 84' में नजर आएंगे।
- इस फिल्म में डायना पेंटी, निम्रत कौर और अभिषेक बनर्जी भी हैं और फिलहाल यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है।
- नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी पार्ट 2' में भी अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के किरदार में वापसी करेंगे।
- इस फिल्म में वे प्रभास और कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे

ममता कुलकर्णी डांस विवाद

अच्छा है उस वक्त इंस्टाग्राम नहीं था'; ट्रोलिंग के बाद अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

Mamta kulkarni Dance Controversy: ममता कुलकर्णी बीते दिनों जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में फिल्मी गानों पर डांस करती नजर आई थीं। इस पर हंगामा हो रहा है। आलोचना और विवाद के बीच ममता कुलकर्णी ने सफाई दी है। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान संन्यास का एलान कर चुकीं ममता कुलकर्णी बीते दिनों एक इवेंट में ग्लमैरस अंदाज में नजर आई थीं। उन्होंने अपने फिल्मी गानों पर डांस भी किया, जिसकी क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन पर विवाद हो रहा है। अध्यात्म के रास्ते पर होने के बावजूद फिल्मी गानों पर डांस को करने पर ममता कुलकर्णी को ट्रोल किया जा रहा है। इस पूरे मामले पर अब उन्होंने चुप्पी तोड़ी है। ममता कुलकर्णी ने डांस पर हो रहे विवाद पर सफाई दी है। इस दौरान उन्होंने श्रीकृष्ण रास की दलील दी है। इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री ने एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें लिखा है, 'अच्छा है उस वक्त इंस्टाग्राम नहीं था, जब श्री कृष्ण गोपियों के साथ रास करते थे, ये उसको भी दिखाते और कहते ये कैसा भगवान है, जो नाचता है। उस रास में महादेव भी पहुंचे थे दाढ़ी और मूंछों के साथ'

ममता कुलकर्णी के इस पोस्ट पर मिली-जुली प्रतिक्रिया आ रही है। कुछ यूजर्स और फैंस उन्हें सपोर्ट कर रहे हैं। वहीं, कुछ उनकी क्लास लगा रहे हैं कि अपने ग्लैमरस डांस की तुलना वे भगवान की रासलीला से कैसे कर सकती हैं। एक यूजर ने लिखा, 'अब कितनी भी सफाई दो, आपने जो किया है, राणा जी आपको कभी माफ नहीं करेंगे'।एक यूजर ने लिखा है, 'अपनी तुलना भी की तो भगवान से वाह। इतना तो अनर्थ ना करो बहन। गलती की तुमने मान लो।

कॉफी विद करण: क्यों खत्म होने जा रहा चर्चित शो?

Koffee With Karan 9: करण जौहर का टॉक शो ‘कॉफी विद करण 9’ जल्द रिलीज होने जा रहा है। नए सीजन से पहले यहां जानें पिछले सभी सीजन के सबसे कॉन्ट्रोवर्शियल किस्सों के बारे में। करण जौहर का मशहूर चैट शो ‘कॉफी विद करण’ हमेशा से बॉलीवुड सितारों की दिलचस्प बातों और खुलासों के लिए जाना जाता रहा है। शो के कई एपिसोड में सितारों ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़े किस्से शेयर किए, लेकिन कुछ बातचीत ऐसी भी रही, जो बाद में बड़े विवादों में बदल गईं। कभी किसी स्टार के बयान से सोशल मीडिया पर बवाल हुआ, तो कभी बात इतनी बढ़ गई कि कानूनी कार्रवाई तक की नौबत आ गई। आइए जानते हैं ‘कॉफी विद करण’ के कुछ ऐसे ही चर्चित विवादों के बारे में। साथ ही जानिए कि क्यों नौंवे सीजन के बाद करण ने इसे खत्म करने का फैसला किया है। जनवरी 2019 में क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और केएल राहुल ‘कॉफी विद करण’ के छठे सीजन में पहुंचे थे। शो के दौरान महिलाओं को लेकर हार्दिक पांड्या की कुछ टिप्पणियों पर काफी विवाद हुआ। इसके बाद पांड्या ने सोशल मीडिया पर माफी भी मांगी और कहा कि वह शो के माहौल में बह गए थे। मामला इतना बढ़ गया कि BCCI ने जांच पूरी होने तक दोनों खिलाड़ियों को निलंबित कर दिया और उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे से वापस बुला लिया गया।

विवाद के बाद हार्दिक पांड्या और केएल राहुल वाला एपिसोड डिजिटल प्लेटफॉर्म से भी हटा दिया गया था। स्टार वर्ल्ड इंडिया ने भी इससे जुड़े प्रमोशनल कंटेंट को सोशल मीडिया से हटा दिया था। साल 2017 में कंगना रनौत ‘कॉफी विद करण’ के पांचवें सीजन में पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने करण जौहर के सामने ही उन्हें ‘मूवी माफिया’ और ‘नेपोटिज्म का ध्वजवाहक’ कह दिया था। कंगना के इस बयान के बाद नेपोटिज्म का मुद्दा बॉलीवुड में काफी चर्चा में आया। शो के दौरान करण ने इस बात को हंसकर टाल दिया था, लेकिन बाद में उन्होंने एक कार्यक्रम में कंगना के बयान पर रिएक्ट किया था। करण ने कंगना पर ‘विक्टिम कार्ड’ और ‘वुमन कार्ड’ खेलने की बात कही थी। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर कंगना को फिल्म इंडस्ट्री इतनी खराब लगती है, तो उन्हें इसे छोड़ देना चाहिए। अक्टूबर 2023 में ‘कॉफी विद करण’ के 8वें सीजन की शुरुआत रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की जोड़ी के साथ हुई थी। शो में दोनों ने अपनी शादी और रिश्ते से जुड़े कई खुलासे किए थे। रणवीर ने बताया था कि उन्होंने साल 2015 में दीपिका को प्रपोज किया था

रिहाना के घर गोलीबारी मामला:

Singer Rihanna Home Firing Incident: हॉलीवुड सिंगर रिहाना के घर हुई फायरिंग मामले में आरोपी महिला पर हत्या की कोशिश करने का आरोप तय हुआ है। इसके अलावा कई अन्य गंभीर अपराधों में भी आरोप लगे हैं। हॉलीवुड की मशहूर सिंगर रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर के पास इस साल मार्च में गोलीबारी की घटना हुई थी। उनके घर की तरफ एक महिला ने बार-बार फायरिंग की थी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। इस महिला पर कोर्ट में केस चल रहा है। महिला पर हत्या की कोशिश समेत 14 गंभीर अपराधों के आरोप लगे हैं। फ्लोरिडा की एक महिला पर आरोप है कि उसने रिहाना और रैपर रॉकी के घर पर राइफल से गोली चलाई। गोली उस ट्रेलर पर लगी, जिसमें यह मशहूर कपल मौजूद था। उस नर्सरी पर भी लगी, जहां उनके बच्चे थे। अब एक ग्रैंड जूरी ने उस महिला पर हत्या की कोशिश समेत 14 गंभीर अपराधों के आरोप तय किए हैं। ऑरलैंडो की रहने वाली 36 वर्षीय आरोपी महिला इवाना लिसेट ऑर्टिज के खिलाफ लगे इन आरोपों की जानकारी लॉस एंजिल्स काउंटी के जज ने बुधवार को सार्वजनिक की। कोर्ट में पीले रंग के जेल के कपड़े पहने हुए आरोपी ऑर्टिज ने सिर्फ अपने वकील से बात की। वकील ने आरोपी की तरफ से 'बेगुनाह' होने की दलील दी। इसके बाद जज ने उसे 26 लाख डॉलर की जमानत राशि पर हिरासत में रखने का आदेश दिया। मालूम हो कि यह फैसला एक दूसरे जज के उस आदेश के एक दिन बाद आया, जिसमें कहा गया था कि ऑर्टिज मानसिक रूप से मुकदमे का सामना करने के काबिल है। ऑर्टिज की कई महीनों तक चली मानसिक जांच के दौरान सीक्रेट ग्रैंड जूरी की कार्यवाही हुई। जूरी ने 18 जून को अपना आरोप-पत्र सौंपा, लेकिन जज के उसके काबिल होने पर फैसला सुनाने तक इसे तीन महीने तक गुप्त रखा गया। अब, जो मामला रुका हुआ लग रहा था, संभव है कि वह तेजी से मुकदमे की ओर बढ़ रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी महिला ने 08 मार्च को सिंगर रिहाना के घर के पास सेमी-ऑटोमैटिक राइफल से गोली चलाई थी। घटना के समय रिहाना, उनके पार्टनर और बच्चे घर के अंदर ही थे। गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। अधिकारियों का आरोप है कि महिला ने एक टेस्ला कार चलाई और उसे उस मशहूर गायिका और उनके रैप स्टार पार्टनर रॉकी की बेवर्ली हिल्स इलाके में मौजूद प्रॉपर्टी के गेट तक ले गई। वहां उसने खिड़की से AR-15 स्टाइल की राइफल बाहर निकाली और प्रॉपर्टी तथा पड़ोस के घर की तरफ कम से कम 20 राउंड गोलियां चलाईं। डिप्टी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी अलेक्जेंडर बॉट ने कोर्ट के बाहर कहा, 'यह रिहाना को मारना चाहती थी। बाकी सभी लोग तो बस अनजाने में इसकी चपेट में आ गए'। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, गोलियां एयरस्ट्रीम ट्रेलर को चीरती हुई निकल गईं। गोलीबारी के दौरान गोलायं घर के उस नर्सरी वाले कमरे की दीवार पर भी लगीं, जहां कपल के तीन छोटे बच्चे अपनी नैनी के साथ मौजूद थे। रिहाना की मां और घर के कई कर्मचारी भी वहां मौजूद थे, और अधिकारियों का कहना है कि उसने पड़ोसी के घर की तरफ भी गोलियां चलाईं। ऑर्टिज के वकील, डिप्टी पब्लिक डिफेंडर डेरेक डिलमैन ने अदालत के बाहर मीडिया से बात नहीं की। उन्होंने आरोपों पर सार्वजनिक बचावकर्ता के कार्यालय से टिप्पणी मांगने वाले संदेश का तत्काल जवाब नहीं दिया गया। उसके दोषी न होने की दलीलों के अलावा, उसके वकीलों ने सार्वजनिक रूप से आरोपों पर कुछ नहीं कहा, केवल यह कहा है कि वे उसके अधिकारों की रक्षा के लिए काम करेंगे।

Dupahiya 2 Review: निरहुआ बने स्टेपनी



Dupahiya 2 Web Series Review: वेब सीरीज ‘दुपहिया 2’ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो चुकी है। इसमें झा परिवार की मुश्किलों में लिपटी कॉमेडी और निरहुआ का मजाकिया अंदाज नजर आ रहा है। जानें किसने किया दर्शकों का असली मनोरंजन? ‘दुपहिया 2’ का इंतजार फैंस को काफी वक्त से था, क्योंकि सीजन 1 में धड़कपुर गांव के कई सपने और कहानियां अधूरी रह गई थीं। दुपहिया के सीजन 2 की कहानी वहीं से शुरू होती है जहां से दर्शकों ने इसे छोड़ा था। कमाल का अभिनय और सामान्य घरों की रोजमर्रा की परेशानियों में कॉमेडी को सैंडविच बना के परोसना, यही तो एक्स फैक्टर रहा है ‘दुपहिया’ का। पढ़िए इस बार क्या तूफान आया है धड़कपुर मे कहानी फिर धड़कपुर गांव में लौटती है। इस बार बनवारी की जमीन पर मोबाइल टावर लगाने की योजना गांव में नई अफवाहों और विवादों को जन्म देती है। इससे प्रभावित होकर गांव में सम्मानित पुष्पलता (रेणुका शहाणे) इस योजना को रोकने की कोशिश में लग जाती हैं। वहीं भूगोल (स्पर्श श्रीवास्तव) सोशल मीडिया पर पहचान बना चुका है, मगर लड़की के भेष में डांस करने की वजह से उनके पिता बनवारी (गजराज राव) उससे काफी नाराज हैं। बनवारी की बेटी रोशनी (शिवानी रघुवंशी) की एसएससी परीक्षा करीब है। इसे पास करके उसे अपना पहले सीजन में लिया गया चैलेंज पूरा करना है। मेहनत करने के बाद भी उसके परीक्षा में सफल होने के बहुत कम चांस हैं। रोशनी की इस मुश्किल में उसका साथ देता है अमावस (भुवन अरोड़ा) इसके साथ ही इंस्पेक्टर मिथलेश (यशपाल शर्मा) को किसी गड़बड़ी की आशंका है। वहीं रोशनी अपने एसएससी के पेपर का जुगाड़ करने कोचिंग सेंटर के ओनर प्रथम कुमार (निरहुआ) के पास पहुंतचती है। अब आगे क्या होगा इसके लिए आपको सीरीज देखनी पड़ेगी। कहानी में परीक्षा, प्रेम, गांव की राजनीति और कथित घोटाले का तड़का है। वेब सीरीज ‘दुपहिया 2’ की कहानी समाज और गांव की पृष्ठभूमि पर है। सीरीज की कहानी के अनुसार सारे किरदारों का अभिनय काफी अच्छा और रियलिस्टिक लगता है। गजराज राव, रेणुका शहाणे, यशपाल शर्मा, दिनेश लाल यादव पहले से ही मंझे हुए कलाकार हैं। मगर स्पर्श श्रीवास्तव, शिवानी रघुवंशी, भुवन अरोड़ा सभी इस बार भी अपने किरदारों के साथ इंसाफ करते दिखाई देते हैं। हालांकि, दूसरी तरफ यह कहना भी गलत नहीं होगा कि कहानी जहां कहीं भी पटरी से उतरती है तो इन कलाकारों के अभिनय में एक तरह की ओवरएक्टिंग दिखाई देती है। निर्देशक सोनम नायर बॉलीवुड की कई फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम कर चुकी हैं। मगर असली पहचान उन्हें वेबसीरीज ‘दुपहिया’ से मिली है। ‘दुपहिया 2’ में कहानी अच्छी है। निर्देशन भी ठीक-ठाक है, मगर कहीं न कहीं कुछ कमी नजर आती है। कहानी में इस बार इतने सारे किरदार हो चुके हैं कि दर्शक जब तक किसी एक किरदार की कहानी और संघर्ष को महसूस करते हैं, दूसरे किरदार की कहानी शुरू हो जाती है। इससे एक तरह से न आप हंस पाते हैं न ही किसी किरदार को करीब से महसूस कर पाते हैं। सीरीज शुरू में धीमी है, आपको लगता है कि कुछ एपिसोड बाद रफ्तार पकड़ेगी। मगर बीच के एपिसोड में यह और ज्यादा धीमी हो जाती है। फिर आखिरी के कुछ एपिसोड में जब स्पीड पकड़ती है तो आपको एक रोलर कोस्टर जैसा फील होता है।

दुपहिया’ का पहला सीजन अगर देखा है तो दूसरा सीजन भी देखना बनता है।

Aaj ka Rashifal 01 October

आज का राशिफल: मेष, कर्क और सिंह के लिए बन रहे हैं लाभ के योग, जानें बाकी राशियों का हाल

1 अक्टूबर 2026 को ग्रहों की चाल आपके लिए क्या संकेत दे रही है? जानिए मेष से मीन तक 12 राशियों का राशिफल।

अक्तूबर महीने का पहला दिन आपके लिए नई ऊर्जा, नई उम्मीदें और कई महत्वपूर्ण संकेत लेकर आया है। 1 अक्तूबर 2026 को ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति का प्रभाव आपके कामकाज, धन, करियर, व्यापार, परिवार और रिश्तों पर देखने को मिल सकता है। किसी राशि के जातकों को आज सफलता और लाभ के नए अवसर मिल सकते हैं, तो कुछ लोगों को अपने फैसलों में सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आज का दिन आपके लिए कैसा रहेगा? नौकरी और व्यापार में क्या बदलाव देखने को मिल सकते हैं? आर्थिक स्थिति कैसी रहेगी और परिवार एवं दांपत्य जीवन में क्या खास रहेगा? स्वास्थ्य के मामले में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? आइए जानते हैं सभी 12 राशियों वालों के लिए 1 अक्तूबर 2026 का विस्तृत दैनिक राशिफल और आज का भविष्यफल।

मेष

आज आपके भीतर उत्साह और कुछ नया करने की चाहत बनी रहेगी। कामकाज को लेकर नए विचार आएंगे और उन्हें पूरा करने के लिए आप पूरी मेहनत करेंगे। जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आपका आत्मविश्वास आपको आगे बढ़ाता रहेगा। नौकरी बदलने का विचार कर रहे हैं तो आज परिस्थितियां सकारात्मक नजर आ सकती हैं। संपत्ति से जुड़ा कोई फैसला लाभ दे सकता है। वहीं, अविवाहित लोगों के जीवन में किसी नए रिश्ते की शुरुआत की संभावना मन को खुश कर सकती है।

वृषभ

आज समझदारी और संतुलन के साथ आगे बढ़ने का दिन है। बेवजह के खर्चों पर लगाम लगाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। राजनीति या सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को अपनी पहचान मजबूत करने का अवसर मिल सकता है। आपकी नेतृत्व क्षमता दूसरों को प्रभावित करेगी और नए संपर्क भविष्य में काम आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ चल रहा कोई पुराना मतभेद बातचीत के जरिए दूर हो सकता है और रिश्ते में फिर से अपनापन महसूस होगा।

मिथुन

आज भाग्य का साथ मिलने से कई काम उम्मीद से आसानी से पूरे हो सकते हैं। सामाजिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी और प्रभावशाली लोगों से संपर्क बनेगा। हालांकि अपनी छवि और प्रतिष्ठा को लेकर थोड़ा सतर्क रहना जरूरी है, क्योंकि कोई व्यक्ति गलतफहमी पैदा करने की कोशिश कर सकता है। घर के अधूरे काम निपटाने का अच्छा समय है। परिवार के किसी सदस्य के दूर जाने या बाहर जाने की खबर भावुक कर सकती है।

कर्क

आज आपका उत्साह और सकारात्मक सोच हर काम में दिखाई देगा। समझदारी से लिया गया फैसला आपको अच्छे परिणाम दिला सकता है। आध्यात्म और भक्ति की ओर मन आकर्षित होगा, जिससे भीतर से शांति और संतोष महसूस करेंगे। व्यापार में आपकी रचनात्मक सोच नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत में कमी नहीं आने देनी चाहिए। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको गर्व और खुशी से भर सकती है।

सिंह

आज व्यापार और भविष्य की योजनाओं के लिए दिन उत्साह बढ़ाने वाला रहेगा। आपके फैसलों का अच्छा असर देखने को मिल सकता है और आत्मविश्वास भी मजबूत होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से माहौल खुशनुमा रहेगा। हालांकि काम को लगातार टालते रहना नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए समय का सही इस्तेमाल करें। छोटी यात्रा या कहीं घूमने जाने की योजना मन को नई ताजगी दे सकती है।

कन्या

आज आर्थिक मामलों और निवेश से जुड़े फैसलों में सकारात्मकता दिखाई दे सकती है। काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़े तो यह आगे चलकर लाभदायक साबित हो सकती है। अपनी सेहत को नजरअंदाज करने से बचें और आराम के लिए भी समय निकालें। भाई-बहनों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। माता-पिता के साथ समय बिताने से मन को विशेष संतोष मिलेगा। लंबे समय से अटकी हुई कोई महत्वपूर्ण डील अब आगे बढ़ने की उम्मीद है।

तुला

आज आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के नए अवसर मिल सकते हैं। व्यापार में साझेदारी का कोई प्रस्ताव सामने आ सकता है, जिस पर सोच-समझकर निर्णय लेना लाभदायक रहेगा। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा से जुड़े नए रास्ते खुल सकते हैं। दूर रहने वाले किसी रिश्तेदार से अच्छी खबर मिलने की संभावना है। लंबे समय से दिया हुआ उधार वापस मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को अपने काम के लिए प्रमोशन, सराहना या कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

वृश्चिक

आज मेहनत का परिणाम मिलने से मन में संतोष रहेगा। कामकाज में प्रगति होगी और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के अवसर सामने आ सकते हैं। किसी से किया हुआ वादा आपको अपनी जिम्मेदारी पूरी करने के लिए प्रेरित करेगा। किसी जरूरतमंद की मदद करने का मौका मिलेगा, जिससे मन को सुकून मिलेगा। काम से जुड़े नए विचार अभी छोटे लग सकते हैं, लेकिन आने वाले समय में यही विचार बड़ी उपलब्धि की नींव बन सकते हैं।

धनु

आज कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और लगन की सराहना हो सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तालमेल अच्छा रहेगा और अपनी स्थिति को मजबूत करने का अवसर मिलेगा। व्यापार करने वालों को भी अपने प्रयासों का फायदा मिलना शुरू हो सकता है। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को उत्साह बढ़ाने वाले संकेत मिल सकते हैं। परिवार में प्रेम और अपनापन बढ़ेगा, हालांकि किसी विरोधी की बात कुछ समय के लिए आपका मूड खराब कर सकती है।

मकर

आज किसी भी महत्वपूर्ण फैसले में जल्दबाजी करने से बचना आपके लिए जरूरी रहेगा। व्यापार में बदलाव का विचार है तो हर पहलू पर अच्छी तरह विचार करने के बाद ही कदम उठाएं। परिस्थितियां थोड़ी कठिन हों तो धैर्य आपका सबसे बड़ा सहारा बनेगा। कोई बनता हुआ काम अचानक रुक सकता है, लेकिन इससे निराश होने की जरूरत नहीं है। सही समय पर आपको सहयोग और मदद मिल सकती है, इसलिए भरोसा बनाए रखें।

कुंभ

आज भावनाओं में बहकर कोई बड़ा फैसला लेने से बचें। किस्मत आपका साथ दे सकती है, लेकिन सफलता के लिए आलस्य छोड़कर सक्रिय रहना जरूरी होगा। अविवाहित लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो आगे चलकर महत्वपूर्ण बन सकती है। अपनी जीवनशैली में कुछ अच्छे बदलाव करने का मन बनेगा। रुका हुआ धन वापस मिलने की उम्मीद है। पुराने मित्र से मुलाकात होने पर बीते दिनों की कई खूबसूरत यादें फिर से ताजा हो जाएंगी।

मीन

आज सेहत को लेकर राहत महसूस हो सकती है और पुरानी परेशानी में कमी आने के संकेत हैं। फिर भी किसी विरोधी की गतिविधि को लेकर सावधान रहना बेहतर रहेगा। कुछ नया करने की इच्छा आपको रचनात्मक कामों की ओर प्रेरित करेगी। संतान के व्यवहार को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है, लेकिन धैर्य और समझदारी से स्थिति संभाली जा सकेगी। कर्ज चुकाने की स्थिति बन सकती है। सरकारी काम समय पर पूरे होने से मन को राहत और मानसिक शांति मिलेगी।

Aaj Ka Love Rashifal

आज का लव राशिफल: मेष, सिंह और तुला राशि वालों के रिश्ते होंगे मजबूत, रिश्तों में बढ़ेगी नजदीकी

1 अक्तूबर को ग्रहों की चाल आपके प्रेम जीवन पर क्या असर डालेगी? जानिए आज का लव राशिफल और रिश्तों से जुड़े महत्वपूर्ण संकेत।

1 अक्तूबर 2026 का दिन प्रेम और रिश्तों के लिहाज से कई राशियों के लिए खास संकेत लेकर आया है। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का असर आपके प्रेम संबंध, पार्टनर के साथ तालमेल और भावनात्मक जुड़ाव पर देखने को मिल सकता है। किसी के रिश्ते में नजदीकियां बढ़ सकती हैं, तो किसी को अपनी भावनाओं को समझदारी के साथ व्यक्त करने की जरूरत पड़ सकती है। वहीं, सिंगल लोगों के लिए किसी खास व्यक्ति से बातचीत या मुलाकात की शुरुआत हो सकती है। आज आपके प्रेम जीवन में क्या बदलाव आ सकते हैं? पार्टनर के साथ रिश्ता कैसा रहेगा, पुरानी नाराजगी दूर होगी या नहीं और सिंगल लोगों के लिए क्या नए संकेत बन रहे हैं? आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी 12 राशियों के लिए 1 अक्तूबर 2026 का लव राशिफल।

मेष लव राशिफल (Aries Love Horoscope)

आज प्रेम संबंधों के मामले में दिन सकारात्मक रह सकता है। अगर पिछले कुछ समय से पार्टनर के साथ किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा है, तो बातचीत के जरिए उसे दूर करने का अच्छा मौका मिलेगा। अपनी बात रखते समय पार्टनर की भावनाओं को भी समझने की कोशिश करें। शादीशुदा लोगों के रिश्ते में आपसी सहयोग बढ़ सकता है।

अक्तूबर के महीने में बनेंगे 4 बड़े राजयोग, इन 4 राशियों पर बरसेगी कृपा

October Rajyoga 2026: अक्तूबर में बुधादित्य, मालव्य और लक्ष्मी नारायण समेत 4 शुभ योग बनेंगे। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इनका असर 4 राशियों के लिए खास रह सकता है।

October Rajyoga 2026: अक्टूबर 2026 ग्रहों की चाल के लिहाज से महत्वपूर्ण महीना रहने वाला है। इस दौरान कई प्रमुख ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे, जिसके चलते अलग-अलग ग्रहों की युति से बुधादित्य, लक्ष्मी नारायण, मालव्य और त्रिग्रही जैसे शुभ योगों का निर्माण होगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इन योगों का प्रभाव अलग-अलग राशियों पर अलग हो सकता है। खासतौर पर कर्क, सिंह, तुला और वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह समय महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, किसी भी राजयोग का वास्तविक प्रभाव व्यक्ति की जन्मकुंडली में ग्रहों की स्थिति, लग्न और दशा आदि पर निर्भर माना जाता है।

4 अक्तूबर को बनेगा त्रिग्रही योग: अक्तूबर की शुरुआत में ही ग्रहों की विशेष स्थिति देखने को मिलेगी। 4 अक्तूबर 2026 को चंद्रमा कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। इस समय कर्क राशि में देवगुरु बृहस्पति और मंगल की मौजूदगी रहेगी। ऐसे में चंद्रमा, गुरु और मंगल की युति से त्रिग्रही योग बनेगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार यह योग करीब 6 अक्तूबर तक प्रभाव में रह सकता है।

17 अक्तूबर को बुधादित्य योग: 17 अक्तूबर को सूर्य कन्या राशि से निकलकर तुला राशि में प्रवेश करेंगे। तुला राशि में उस समय बुध की स्थिति रहेगी। सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य योग का निर्माण होगा। ज्योतिष में सूर्य को आत्मविश्वास, पद, प्रतिष्ठा और नेतृत्व से जोड़ा जाता है, जबकि बुध बुद्धि, संवाद, तर्क और व्यापार के कारक माने जाते हैं। ऐसे में इस योग को इन क्षेत्रों से जोड़कर देखा जाता है।

20 अक्तूबर को लक्ष्मी नारायण योग: 20 अक्तूबर को शुक्र तुला राशि में प्रवेश करेंगे। तुला शुक्र की स्वराशि है और यहां पहले से बुध की मौजूदगी रहेगी। शुक्र और बुध की युति से लक्ष्मी नारायण योग बनेगा। तिषीय मान्यताओं में बुध-शुक्र की युति को धन, सुख-सुविधा, कला, व्यापार और भौतिक समृद्धि से संबंधित माना जाता है। ऐसे में इस योग को आर्थिक और व्यावसायिक मामलों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

20 अक्तूबर को ही मालव्य योग: शुक्र के तुला राशि में आने से 20 अक्तूबर को मालव्य योग का निर्माण भी होगा। मालव्य योग पंच महापुरुष योगों में शामिल माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार जब शुक्र अपनी स्वराशि या उच्च राशि में होकर कुंडली के केंद्र भाव यानी प्रथम, चतुर्थ, सप्तम या दशम भाव में स्थित होता है, तब मालव्य योग बनता है। इस योग को ज्योतिषीय मान्यताओं में सुख-सुविधा, ऐश्वर्य, कला, आकर्षण और प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता है।

31 अक्तूबर को गुरु करेंगे सिंह राशि में प्रवेश: अक्तूबर के अंतिम दिन 31 अक्तूबर 2026 को देवगुरु बृहस्पति कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। गुरु को ज्योतिष में ज्ञान, शिक्षा, विस्तार और समृद्धि का कारक माना जाता है। वहीं सिंह राशि के स्वामी सूर्य हैं और गुरु-सूर्य के बीच मित्रता का संबंध माना जाता है। इसी वजह से गुरु का सिंह राशि में गोचर ज्योतिषीय दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसका प्रभाव अलग-अलग राशियों पर उनकी कुंडली में गुरु की स्थिति के अनुसार अलग हो सकता है।

शारदीय नवरात्रि में इन 3 राशि वालों को होगा बड़ा लाभ, तरक्की से लेकर विदेश यात्रा तक के बनेंगे योग

Shardiya Navratri 2026: शारदीय नवरात्रि कुछ राशि वालों के लिए खास हो सकता है। जातकों को धन लाभ, तरक्की, मनचाही नौकरी और निवेश से अच्छा लाभ मिलने की संभावनाएं हैं।

Shardiya Navratri 2026: इस साल शारदीय नवरात्रि का आरंभ 11 अक्तूबर 2026 से होगा। इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, माता का हाथी पर आगमन बेहद शुभ माना जाता है क्योंकि हाथी सुख-समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है। मान्यता है कि इसके शुभ प्रभाव से जातकों को धन-धान्य की प्राप्ति होने के साथ ही कार्यों में मनचाही सफलता मिल सकती है। इसका विशेष प्रभाव कुछ राशियों पर भी देखने को मिल सकता है। इस दौरान कुछ राशि वालों को आर्थिक लाभ, करियर में तरक्की और विदेश यात्रा के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं कि शारदीय नवरात्रि किन तीन राशि वालों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है।

आज का अंक ज्योतिष: मूलांक 1, 5 और 8 वालों को मिलेगा लाभ, करियर में मिल सकते हैं नए अवसर

1 अक्टूबर 2026 का अंक ज्योतिष आपके लिए क्या संकेत दे रहा है? जानिए आज मूलांक के अनुसार आपका दिन कैसा रहेगा, किन कामों में सफलता मिल सकती है और किन मामलों में सावधानी बरतना बेहतर होगा।

अक्तूबर महीने की शुरुआत अंक ज्योतिष के लिहाज से कई महत्वपूर्ण संकेत लेकर आई है। 1 अक्तूबर 2026 को आपके जन्मांक यानी मूलांक के आधार पर दिन की ऊर्जा आपके काम, करियर, धन, रिश्तों और निजी जीवन पर अलग-अलग असर डाल सकती है। किसी मूलांक के जातकों के लिए आज नए अवसर सामने आ सकते हैं तो कुछ लोगों को अपने फैसलों में संयम और सावधानी रखने की जरूरत होगी। आज आपका मूलांक आपके लिए क्या संकेत दे रहा है? कामकाज में सफलता के कितने अवसर बनेंगे, आर्थिक स्थिति कैसी रह सकती है और रिश्तों के मामले में दिन कैसा रहेगा? आइए जानते हैं मूलांक 1 से 9 तक सभी जातकों के लिए 1 अक्टूबर 2026 का अंक ज्योतिष और आज का अंक भविष्यफल।

IND vs SL Live Score:

59 पर भारत को तीसरा झटका, सूर्यवंशी 38 रन बनाकर आउट; अभिषेक-सैमसन हुए फेल

India vs Sri Lanka, 2nd Semi-Final, Asian Games 2026 Live Updates: नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। एशियन गेम्स 2026 में पुरुष क्रिकेट के दूसरे सेमीफाइनल में भारत का सामना श्रीलंका से है। यह मैच निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेला जा रहा है। क्वार्टर फाइनल मुकाबला बारिश से धुल जाने के बाद भारत की नजरें श्रीलंका को हराकर फाइनल में जगह बनाने पर है।

IND vs SL Live Score: भारत को तीसरा झटका

भारत को सातवें ओवर में 59 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। सहान अराचिगे ने वैभव सूर्यवंशी को जयवर्धने के हाथों कैच कराया। वह 21 गेंद में छह चौके और दो छक्के की मदद से 38 रन बनाकर आउट हुए। फिलहाल ईशान किशन और कप्तान श्रेयस अय्यर क्रीज पर हैं। सात ओवर के बाद भारत का स्कोर तीन विकेट पर 62 रन है।

IND vs SL Live Score: पावरप्ले खत्म

पावरप्ले खत्म हो चुका है। छह ओवर के बाद भारत ने दो विकेट पर 58 रन बना लिए हैं। फिलहाल वैभव सूर्यवंशी 20 गेंद में 38 रन और कप्तान श्रेयस अय्यर चार रन बनाकर क्रीज पर हैं। अभिषेक और सैमसन सात-सात रन बनाकर आउट हुए। रत्नायके और अराचिगे को एक-एक विकेट मिला है।

IND vs SL Live Score: पांच ओवर का खेल हुआ

पांच ओवर के बाद भारत ने दो विकेट पर 51 रन बना लिए हैं। फिलहाल वैभव सूर्यवंशी 16 गेंद में 32 रन और कप्तान श्रेयस अय्यर तीन रन बनाकर क्रीज पर हैं। अभिषेक और सैमसन सात-सात रन बनाकर आउट हुए। रत्नायके और अराचिगे को एक-एक विकेट मिला है।

भारत vs वेस्टइंडीज:

गुवाहाटी में 811 रन बनने पर क्यों भड़के कोच गौतम गंभीर? कहा- गेंदबाजों के साथ न्याय नहीं

भारत ने गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ 406 रन का रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल किया, लेकिन इस मुकाबले के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पिच और परिस्थितियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बल्लेबाज और गेंद के बीच बेहतर मुकाबला होना चाहिए और गेंदबाजों के लिए भी कुछ मदद होनी जरूरी है। गुवाहाटी में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में 406 रन के लक्ष्य का सफल पीछा कर इतिहास रच दिया। बल्लेबाजों के लिए यह मुकाबला यादगार रहा, लेकिन भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद पिच और परिस्थितियों को लेकर चिंता जताई। उनका मानना है कि क्रिकेट में बल्लेबाज और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला होना जरूरी है। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, 'देखिए, अगर मुझे बिल्कुल ईमानदारी से कहना है तो मुझे लगता है कि बल्ले और गेंद के बीच थोड़ा और मुकाबला होना चाहिए। क्योंकि आप क्रिकेट की बात करते हैं, लेकिन यह क्रिकेट नहीं है, यह सिर्फ बल्लेबाजी है। कल्पना कीजिए कि एक युवा गेंदबाज ऐसी पिच पर गेंदबाजी कर रहा है और विपक्षी टीम 400 रन बना देती है, फिर हम भी 400 रन का पीछा कर लेते हैं। जाहिर तौर पर रिकॉर्ड के लिए यह शानदार है, दर्शकों के लिए शानदार है, प्रसारक के लिए शानदार है, लेकिन अगर आप मुझसे एक वास्तविक क्रिकेट प्रशंसक और कोच के तौर पर पूछें तो मुझे गेंदबाजों के लिए भी सहानुभूति रखनी होगी।' गंभीर ने साफ कहा कि ऐसी परिस्थितियों में गेंदबाजों के लिए बहुत कम मदद होने से उनके प्रदर्शन का सही आकलन करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि पिच में गेंदबाजों के लिए भी कुछ ऐसा होना चाहिए, जिससे वे मुकाबले में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा, 'जब आप इस तरह की पिच पर गेंदबाजी करते हैं तो यह गेंदबाजों के साथ न्याय नहीं है। हमें गेंदबाजों को भी कुछ देना होगा, ताकि कम से कम उनके पास काम करने के लिए कुछ हो।' गेंदबाजों के आंकड़ों को लेकर भी गंभीर ने अहम बात कही। उनका मानना है कि केवल गेंदबाजी के आंकड़े देखकर किसी गेंदबाज को कठघरे में खड़ा नहीं करना चाहिए, बल्कि यह देखना चाहिए कि उसने अपनी योजना को कितनी अच्छी तरह लागू किया।

बांग्लादेश को हराकर पाकिस्तान फाइनल में:

नौ गेंद रहते जीता मैच; भारत या श्रीलंका, स्वर्ण के लिए किससे मुकाबला?

बारिश की वजह से यह सेमीफाइनल मुकाबला 13-13 ओवर का किया गया था। पाकिस्तान की टीम ने 112 रन को चेज करते हुए एक वक्त 53 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। पर समद और नवाज ने नाबाद साझेदारी कर अपनी टीम को जीत दिलाई और फाइनल में पहुंचा दिया। एशियन गेम्स में क्वार्टर फाइनल मुकाबले बारिश से धुलने के बाद अब कारवां सेमीफाइनल तक पहुंच चुका है। पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान टीम ने बांग्लादेश को छह विकेट से हरा दिया और फाइनल में जगह बना ली है। इस मैच में पाकिस्तान के कप्तान साहिबजादा फरहान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। बारिश की वजह से यह मुकाबला 13-13 ओवर का कर दिया गया था। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 13 ओवर में सात विकेट पर 111 रन बनाए थे। 112 रन के लक्ष्य को पाकिस्तान ने 11.3 ओवर में हासिल कर लिया। हसन नवाज 22 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 27 रन और अब्दुल समद 15 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाकर नाबाद रहे।

इन दोनों ने 32 गेंद में नाबाद 59 रन की साझेदारी कर पाकिस्तान को जीत दिलाई। अब दूसरे सेमीफाइनल में कुछ ही देर में भारत का सामना श्रीलंका से होगा। इस मैच को जीतने वाली टीम फाइनल में पाकिस्तान से भिड़ेगी। फाइनल तीन अक्तूबर को खेला जाएगा। उसी दिन बांग्लादेश की टीम कांस्य पदक के लिए भी मुकाबला करेगी।

बांग्लादेश: तंजिद हसन तमीम, लिटन दास (विकेटकीपर/कप्तान), तौहीद हृदोय, परवेज हुसैन इमोन, मोसादेक हुसैन, सैफ हसन, मेहदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, शरीफुल इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान। पाकिस्तान: साहिबजादा फरहान (कप्तान), सैम अयूब, उस्मान खान (विकेटकीपर), माज सदाकत, हसन नवाज, अब्दुल समद, अराफात मिन्हास, अहमद दानियाल, मोहम्मद वसीम जूनियर, अबरार अहमद, सुफियान मुकीम

पाकिस्तान की ओर से सुफियान मुकिम ने तीन विकेट लिए। वहीं, अराफात मिनहास को दो विकेट मिले। सैम अयूब ने एक विकेट लिया।

एशियन गेम्स 2026: क्रिकेट में बड़ा उलटफेर

नेपाल ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया 16 गेंद पहले जीता मैच

एशियन गेम्स 2026 में नेपाल ने ग्रुप ए के मुकाबले में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। अफगानिस्तान ने 102 रन बनाए, जिसके जवाब में नेपाल ने 17.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। संदीप जोरा और रोहित पौडेल ने अहम पारियां खेलीं। नेपाल की यह अफगानिस्तान पर पांच टी20 मुकाबलों में दूसरी जीत है। एशियन गेम्स 2026 में क्रिकेट में बड़ा उलटफेर हुआ है। शुक्रवार को कोरोगी स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में नेपाल क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 102 रन ही बना सकी। जवाब में नेपाल ने 16 गेंद शेष रहते यानी 17.2 ओवर में पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मोहम्मद अकरम दो रन और करीम जनत नौ रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हसन ऐसाखिल खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद फैसल शिनोजादा और नजीबुल्लाह जादरान ने चौथे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की। शिनोजादा 33 गेंद में 30 रन और जादरान 40 गेंद में 30 रन बनाकर आउट हुए।इसके बाद फैसल शिनोजादा और नजीबुल्लाह जादरान ने चौथे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की। शिनोजादा 33 गेंद में 30 रन और जादरान 40 गेंद में 30 रन बनाकर आउट हुए।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
- सम्पादक

125 पर भारत को छठा झटका,

ईशान का अर्धशतक, अभिषेक-सैमसन और श्रेयस-तिलक हुए फेल

India vs Sri Lanka, 2nd Semi-Final, Asian Games 2026 Live Updates: नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। एशियन गेम्स 2026 में पुरुष क्रिकेट के दूसरे सेमीफाइनल में भारत का सामना श्रीलंका से है। यह मैच निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेला जा रहा है। क्वार्टर फाइनल मुकाबला बारिश से धुल जाने के बाद भारत की नजरें श्रीलंका को हराकर फाइनल में जगह बनाने पर है।

IND vs SL Live Score: ईशान किशन का अर्धशतक

ईशान किशन ने 33 गेंद में टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 14वां अर्धशतक लगाया। पिच में काफी टर्न है। 17वें ओवर में ही ईशान का कैच भी छूटा। 17 ओवर के बाद भारत ने छह विकेट पर 137 रन बना लिए हैं। फिलहाल ईशान 36 गेंद में 57 रन और शिवम दुबे दो रन बनाकर क्रीज पर हैं।

IND vs SL Live Score: भारत को छठा झटका

भारत को 15वें ओवर में 125 के स्कोर पर छठा झटका लगा। नुवानिदु फर्नांडो ने तिलक वर्मा को विकेटकीपर के हाथों स्टंप कराया। वह दो रन बना सके। फिलहाल शिवम दुबे और ईशान किशन क्रीज पर हैं। ईशान अर्धशतक के करीब हैं। ईशान और वैभव सूर्यवंशी को छोड़कर बाकी सभी बल्लेबाज फेल रहे हैं। इससे पहले अभिषेक शर्मा सात रन, संजू सैमसन सात रन, कप्तान श्रेयस अय्यर 13 रन बनाकर आउट हुए थे। वहीं, वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंद में छह चौके और दो छक्के की मदद से 38 रन की पारी खेली थी।

IND vs SL Live Score: भारत की आधी टीम पवेलियन लौटी

भारत को 14वें ओवर में 112 के स्कोर पर पांचवां झटका लगा। क्रूसपूले ने अक्षर पटेल को अराचिगे के हाथों कैच कराया। अक्षर आठ रन बना सके। 14 ओवर के बाद भारत का स्कोर पांच विकेट पर 114 रन है। फिलहाल ईशान किशन और तिलक वर्मा क्रीज पर हैं। इससे पहले अभिषेक शर्मा सात रन, संजू सैमसन सात रन, कप्तान श्रेयस अय्यर 13 रन बनाकर आउट हुए थे। वहीं, वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंद में छह चौके और दो छक्के की मदद से 38 रन की पारी खेली थी।

R.N.I No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज इंडिया' प्रेस से
छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के
पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़
होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91-7088120300